रोहतक

शनिवार, 28 जून 2025

आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष,
तृतीया वर्ष : 29, अंक : 148
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00


**मौसम**

अधि. 39.1
न्यून. 26.0


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | उछाल |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 84,058.90 | 303.03 ▲ |
| निफ्टी | 25,637.80 | 88.80 ▲ |

| धातु | कीमत | गिरावट |
|---|---|---|
| सोना | 97,670/- | 930.00 ▼ |
| चांदी | 1,03,000/- | 100.00 ▼ |

*(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)*

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 85.48 | 24 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल | 68.20/ बैरल | 0.72% ▲ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*

## जय जगन्नाथ



### भगवान जगन्नाथ के जय घोष के साथ लोगों ने पुरी व अहमदाबाद में खींचा रथ

**पुरी/अहमदाबाद (भाषा)।** ओडिशा के पुरी और गुजरात के अहमदाबाद में शुक्रवार को 'जय जगन्नाथ' के उद्‌घोष के साथ भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा का उत्सव शुरू हो गया। हजारों लोगों ने भगवान जगन्नाथ और उनके भाई-बहनों के रथों से जुड़ी रस्सियों को श्री गुंदेचा मंदिर की ओर खींचा। श्री गुंडिचा मंदिर, 12वीं सदी के भगवान जगन्नाथ मंदिर से करीब 2.6 किलोमीटर दूर है। ओडिशा के राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति, मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति भगवान जगन्नाथ, देवी सुभद्रा और भगवान बलभद्र के रथों को खींचने वालों में शामिल थे। 'जय जगन्नाथ' और 'हरि बोल' के उद्‌घोष तथा झांझ-मंजीरे, तुरही और शंख की ध्वनि के बीच सबसे पहले शाम चार बजकर आठ मिनट पर भगवान बलभद्र का 'तालध्वज' रथ आगे बढ़ा। इसके बाद देवी सुभद्रा का 'दर्पदलन' रथ और अंत में भगवान जगन्नाथ का 'नंदीघोष' रथ रवाना हुआ। उत्सव के दौरान भारी भीड़ उमड़ने के कारण 600 से अधिक श्रद्धालुओं को चोटें और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण अस्पताल में भर्ती करवाना पड़ा। बताया जा रहा है कि भीषण गर्मी और भीड़-भाड़ के कारण इन लोगों को दिक्कतें हुई।



### देश के कई शहरों में भी रथ यात्रा निकली
### अहमदाबाद में गृहमंत्री शाह ने की पूजा

अहमदाबाद समेत देश के कई शहरों में रथ यात्राएं निकाली गई हैं। अहमदाबाद में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली गई। गृह मंत्री अमित शाह ने सुबह 4 बजे मंगल आरती की। इसके बाद मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने पाहिंद विधि कर रथ यात्रा की शुरुआत की। रात तकरीबन 9:00 बजे भगवान वापस मंदिर लौट आए।

### रथ यात्रा में शामिल गजराज हुए बेकाबू



अहमदाबाद में रथ यात्रा में एक हाथी बेकाबू हो गया व100 मीटर तक भागा। इसके बाद रथ यात्रा में भगदड़ सी मच गई। लोग इधर-उधर भागते दिखे। बेकाबू हाथी 17 हाथियों के ग्रुप में सबसे आगे था। मुश्किल से काबू पाया गया। हादसे में एक व्यक्ति घायल हो गया है।

## प्रदेश सरकार के दो बड़े ऐलान, कर्मचारियों और खिलाड़ियों को फायदा

# एचकेआरएन कर्मियों का वेतन 5% बढ़ा खिलाड़ियों के लिए 19.72 करोड़ मंजूर

### चौथे पैरा एशियाई खेलों में गोल्ड जीतने वाले को 3 करोड़, रजत जीतने वाले को 1.5 करोड़ व खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को 7.50 लाख दिए जाएंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) के कर्मचारियों और पैरा खिलाड़ियों को तोहफा दिया है। एचकेआरएन कर्मचारियों के वेतन में 5 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है। इससे कर्मचारियों के वेतन में 900 रुपये से लेकर करीब 1200 रुपये तक की बढ़ोतरी होगी। मानव संसाधन विभाग ने शुक्रवार को इसे लेकर अधिकारिक लेटर जारी कर दिया है। ये आदेश 1 जून से लागू होंगे। बता दें कि प्रदेश में एचकेआरएन के करीब 1.18 लाख कर्मचारी हैं। एचकेआरएन प्रदेश सरकार द्वारा 2021 में स्थापित की गई कंपनी है। इसका उद्देश्य सरकारी विभागों और संस्थानों में संविदात्मक आधार पर कर्मचारियों की भर्ती करना है। निगम हरियाणा में सरकारी नौकरियों में पारदर्शिता और दक्षता लाने के लिए बनाया गया है। एचकेआरएन को 13 अक्टूबर, 2021 को कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत शामिल किया था।

**खास बातें**

एक जून से लागू होंगे आदेश, एचकेआरएन के कर्मियों को फायदा

●

पिछले साल जुलाई में 8 फीसदी बढ़ाया गया था वेतन



### इन खिलाड़ियों को भी मिलेगी इनामी राशि

एथलेटिक्स खिलाड़ी प्रणव सूरमा, रमन शर्मा, सुमित और तरुण ढिल्लों को भी स्वर्ण पदक जीतने पर 3-3 करोड़ रुपये मिलेंगे। उनकी पुरस्कार राशि आने वाले दिनों में मंजूर की जाएगी। इसके बाद इन्हें भी सम्मानित किया जाएगा।


### खिलाड़ियों ने प्रदेश को गौरवान्वित किया : आरती



स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि हमारे पैरा-एथलीटों ने हरियाणा और देश को बहुत गौरवान्वित किया है। यह सुनिश्चित करना हमारा कर्तव्य था कि उन्हें बिना देरी के सम्मानित कर पुरस्कृत किया जाए। मैं मुख्यमंत्री को तत्काल कार्रवाई करने के लिए धन्यवाद देती हूं। राज्य सरकार पैरा-स्पोर्ट्स के लिए एक सहायक वातावरण बनाने के लिए समर्पित है। उल्लेखनीय है कि खिलाड़ियों ने नकद पुरस्कार वितरण के संबंध में कुछ दिन पहले कुमारी आरती राव से मुलाकात की थी।

### 13 पैरा खिलाड़ियों को मिलेगा नकद इनाम

हरियाणा पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन अध्यक्ष और स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव द्वारा की गई तत्काल और त्वरित कार्रवाई के बाद हरियाणा सरकार ने चौथे पैरा एशियाई खेलों 2022 में भाग लेने वाले प्रदेश के 13 खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार के लिए 19.72 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि मंजूर की है। पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं में एथलेटिक्स खिलाड़ी हैनी को स्वर्ण पदक जीतने पर 3 करोड़ रुपये मिलेंगे। नितेश कुमार (पैरा बैडमिंटन) को स्वर्ण पदक जीतने पर 3 करोड़ रुपये और रजत पदक जीतने पर 1.5 करोड़ रुपये मिलेंगे। सरिता अधाना (पैरा तीरंदाजी) को रजत पदक जीतने पर 1.5 करोड़ रुपये मिलेंगे। पूजा, धर्मबीर, रिंकू, प्रमोद, योगेश कथुनिया, रामपाल और मोनू घनघस को रजत पदक जीतने पर 1.50-1.50 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। पैरा लॉन बॉल खिलाड़ी अंजू बाला, एथलेटिक्स खिलाड़ी जसबीर और कैनोइंग खिलाड़ी जयदीप को खेलों में भाग लेने की एवज में 7.50-7.50 लाख रुपये मिलेंगे।



# शादी से इनकार किया तो कोलकाता के लॉ कॉलेज में छात्रा के साथ गैंगरेप

कॉलेज के गार्ड रूम में की गई दरिंदगी, तीन गिरफ्तार, 10 तक रिमांड पर

**आरोपितों में कॉलेज के दो वर्तमान और एक पूर्व छात्र | सामूहिक दुष्कर्म की वीडियो बनाई वायरल करने की धमकी | मुख्य आरोपित मोनोजीत ने दिया था शादी का ऑफर**

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

कोलकाता के एक लॉ कॉलेज की छात्रा के शादी से इनकार करने पर उसके साथ कॉलेज के ही गार्ड रूम में गैंगरेप का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में 3 आरोपितों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से तीनों को कोर्ट ने 10 जुलाई तक पुलिस रिमांड में भेज दिया। पुलिस ने 2 आरोपितों को 26 जून और एक को शुक्रवार सुबह पकड़ा था। छात्रा के साथ दुष्कर्म की वारदात 25 जून को हुई थी। पुलिस को दी शिकायत में छात्रा ने बताया कि उसके साथ कॉलेज के ग्राउंड फ्लोर पर बने गार्ड रूम में दरिंदगी की गई। आरोपितों में मोनोजीत मिश्रा (31), जैब अहमद (19) और प्रमित मुखर्जी (20) शामिल हैं। मोनोजीत मुख्य आरोपित है और कॉलेज का पूर्व छात्र है। बाकी के दो कॉलेज के छात्र हैं। पीड़ित छात्रा ने एफआईआर में लिखाया है कि मोनोजीत ने उसे शादी का ऑफर दिया था, लेकिन मैंने मना कर दिया। इसके कारण उसके साथ दरिंदगी की गई। जब आरोपितों ने मुझे गार्ड रूम में बंद किया तब मैंने उनके पैर पकड़कर बाहर जाने का बोला था। खूब गिड़गिड़ाई, लेकिन वे नहीं माने।



### तृणमूल से जुड़ा है मुख्य आरोपित मोनोजीत : भाजपा

भाजपा नेता अमित मालवीय ने सोशल मीडिया पर एक बंगाली न्यूज रिपोर्ट शेयर करते हुए लिखा, हैरान कर देने वाली घटना! एक महिला लॉ छात्रा के साथ कॉलेज परिसर में गैंगरेप हुआ, आरोपियों में एक पूर्व छात्र और दो कॉलेज स्टाफ शामिल हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मामले में एक तृणमूल कांग्रेस से जुड़ा व्यक्ति भी शामिल है।

### टीएमसी बोली-मोनोजीत छात्र संघ का जूनियर सदस्य

टीएसी स्टूडेंट विंग के प्रमुख तृणकुर भट्टाचार्य ने कहा कि यह घटना शब्दों से परे दर्दनाक है। आरोपितों को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए। हमने कभी नहीं कहा कि मोनोजीत मिश्रा टीएमसी की स्टूडेंट विंग से नहीं जुड़ा था। लेकिन वो जूनियर मेंबर था। कॉलेज में टीएमसी के छात्र विंग की एक्टिव यूनिट नहीं है।

### महिला आयोग ने कहा- जांच समय से पूरी हो

राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने कोलकाता गैंगरेप मामले में खुद से नोटिस लिया है। एनसीडब्ल्यू की चेयरपर्सन विजया रहाटकर ने कोलकाता पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखकर कहा- इस घटना की तुरंत और तय समय में जांच की जाए। पीड़ित को मेडिकल, मानसिक और कानूनी मदद दी जाए।

### फॉर्म के काम से कॉलेज गई थी

छात्रा ने बताया कि वह घटना वाले दिन फॉर्म के काम से कॉलेज गई थी। आरोपितों ने पहले मुझे कॉलेज में रुकने के लिए कहा। इसके बाद ग्राउंड फ्लोर के एक कमरे में ले गए, मैन गेट बंद कर दिया। मैंने आरोपियों के पैर पकड़कर बाहर जाने का कहा, लेकिन आरोपियों ने रात 10 बजे तक मेरे साथ रेप किया। आरोपितों ने वीडियो भी बनाया। मुझे मारने धमकी दी कि अगर मैंने किसी से इस घटना के बारे में बात की तो वे वीडियो को इंटरनेट पर वायरल कर देंगे।'

## हरियाणा पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा लीक मामले में एक और गिरफ्तारी

झज्जर के पवन को एसटीएफ ने पकड़ा कोर्ट ने जेल भेजा



**कैथल(हरिभूमि न्यूज)।** हरियाणा पुलिस सिपाही पेपर लीक केस में एसआईटी में शामिल शामिल इंस्पेक्टर बीरभान व सीआईए-1 प्रभारी एसआई जसवंत सिंह की टीम ने गांव भूरावास, झज्जर के पवन कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने कहा, तत्कालीन कैथल सीआईए-1 पुलिस की टीम द्वारा 7 अगस्त 2021 को हरियाणा पुलिस सिपाही लिखित परीक्षा लीक मामले में संदीप व गौतम दोनों निवासी खापड़ जिला जींद और नवीन निवासी प्यौदा को आन्सर की सहित काबू किया था। पुलिस अब तक इस मामले में 167 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुछताछ में आरोपित पवन कुमार ने कबूल किया कि उसने पहले से गिरफ्तार आरोपित गांव बेरला, जिला दादरी निवासी नवनीत के पास लीक आउट पेपर पढ़ा था और उसके बाद 7 अगस्त को रेवाड़ी में पेपर दिया था। आरोपित पवन को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### खबर संक्षेप

#### अभिनेत्री शेफाली जरीवाला का निधन



**मुंबई।** मशहूर रीमिक्स सोंग कांटा लगा फेम अभिनेत्री शेफाली जरीवाला का शुक्रवार देर रात निधन हो गया। अस्पताल के अनुसार शेफाली को मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया था। रिपोर्ट के मुताबिक 42 वर्षीय अभिनेत्री की मौत कार्डियक अरेस्ट से हुई है।

#### पंजाबः आईएसआई समर्थित बीकेआई के 3 सदस्य पकड़े

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने पाक की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) समर्थित बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) नामक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक किशोर है। पुलिस प्रमुख गौरव यादव ने दावा किया कि यह समूह अमृतसर क्षेत्र में पुलिस प्रतिष्ठानों पर हमले और लक्षित हत्याएं करने की साजिश रच रहा था। भाषा

#### नेशनल टीचर अवॉर्ड के लिए आवेदन शुरू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने नेशनल टीचर अवॉर्ड 2025 के लिए स्व-नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी है। सीबीएसई एफिलेटेड प्राइवेट स्कूलों के टीचर और प्रिंसिपल इस अवॉर्ड के लिए योग्य है। इच्छुक उम्मीदवार बोर्ड की आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। एजेंसी

## महिला आईपीएस अफसर स्मिति चौधरी का निधन

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** आईपीएस अधिकारी स्मिति चौधरी (48) का निधन हो गया। वह पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रही थीं। उनके पति राजेश कुमार पुलिस में आईजी हैं। वह महाराष्ट्र के नासिक में अपने पति के पास गई हुई थीं। वहीं, पर इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। वहीं उनका अंतिम संस्कार किया गया। स्मिति का जन्म 15 अगस्त 1976 को हुआ था। वह जींद के डूमरखां कलां गांव की रहने वाली थीं। स्मिति 2012 बैच की हरियाणा कैडर की आईपीएस थीं और वर्तमान में अंबाला में एसीबी में एसपी थी।



अंबाला एसीबी में एसपी के पद पर तैनात थी स्मिति

## एनएचएआई एप बताएगा, किस राजमार्ग पर है सबसे कम टोल

**नई दिल्ली (भाषा)।** एनएचएआई का राजमार्गयात्रा एप जल्दी ही यह बताएगा कि किन्हीं दो स्थानों के बीच सबसे कम टोल वाला रास्ता कौन सा है। यह नई विशेषता अगले महीने से एप पर उपलब्ध होगी। राजमार्गयात्रा एप यात्रियों को राष्ट्रीय राजमार्गों के बारे में व्यापक जानकारी देता है और उन्हें एक कुशल शिकायत निवारण प्रणाली भी प्रदान करता है। भारतीय राजमार्ग प्रबंधन कंपनी (आईएचएमसीएल) के कुशल परिवहन प्रणाली (आईटीएस) के मुख्य उत्पाद अधिकारी अमृत सिंह ने यह जानकारी दी।



अगले महीने से एप पर उपलब्ध होगी व्यवस्था

# एसी का तापमान 20 से 28 डिग्री तय करने का नियम अभी नहीं : भूपेंद्र

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने शुक्रवार को कहा कि एयर कंडीशनर (एसी) के तापमान को 20 डिग्री से 28 डिग्री सेल्सियस के दायरे में करने की योजना को जल्द लागू करने की संभावना नहीं है। इसे समय के साथ धीरे-धीरे लागू किया जाएगा। भारत जलवायु शिखर सम्मेलन में जब उनसे पूछा गया कि एसी के तापमान की नई सीमा कब लागू की जाएगी, तो यादव ने कहा कि ऐसी कोई भी स्थिति '2050 के बाद ही उत्पन्न हो सकती है।' मुझे नहीं लगता कि यह तुरंत होगा, समय के साथ इसके लिए धीरे-धीरे क्षमताएं बनाई जाएंगी। जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करना राष्ट्रीय परिस्थितियों और सीबीडीआर-आरसी (साझा लेकिन अलग-अलग जिम्मेदारियां और संबंधित क्षमताएं) सिद्धांत के अनुरूप किया जाना चाहिए।



केंद्रीय पर्यावरण मंत्री बोले, इसे धीरे धीरे लागू किया जाएगा भूपेंद्र ने इंडिया क्लाइमेट समिट में दी जानकारी

### ऊर्जा मंत्री मनोहर ने कहा था, बिजली बचेगी

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने कहा था कि भारत में एयर कंडीशनर जल्द ही 20 डिग्री सेल्सियस से 28 डिग्री सेल्सियस की सीमा के भीतर काम करेंगे और इसे अनिवार्य बनाया जाएगा। इससे बिजली की बचत होगी। इस सीमा से कम या अधिक तापमान पर काम करना प्रतिबंधित होगा। ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) के अनुसार, भारत में ज्यादातर एसी वर्तमान में 20 से 21 डिग्री सेल्सियस के बीच निर्धारित किए जाते हैं, हालांकि आदर्श आरामदायक सीमा 24 से 25 डिग्री सेल्सियस है।

**साल 1.5 करोड़ नए एसी लग रहे :** एक अध्ययन के अनुसार, भारत में हर साल 1 से 1.5 करोड़ नए एसी लग रहे हैं। अगले दशक में 13 से 15 करोड़ एसी बढ़ेंगे।नीतिगत हस्तक्षेप के बिना, एसी अकेले 2030 तक 120 गीगावाट और 2035 तक 180 गीगावाट बिजली की अधिकतम मांग को बढ़ा सकते हैं, जो अनुमानित कुल मांग का 30 प्रतिशत है। अगले 10 वर्षों में कमरे के एसी की ऊर्जा दक्षता को दोगुना करके उपभोक्ताओं को 2.2 लाख करोड़ रुपये (26 अरब डॉलर) तक की बचत हो सकती है।

**ये तो हद** गुजरात हाईकोर्ट की सुनवाई का वीडियो वायरल

# शर्मनाक...! टॉयलेट सीट पर बैठे हुए ही जज के सामने पेश हुआ शख्स

*वाकया हाईकोर्ट के जस्टिस निर्जर एस देसाई की सुनवाई के दौरान हुआ*

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद



गुजरात हाईकोर्ट में वर्चुअल हियरिंग का सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है। इसमें एक शख्य टॉयलेट से जज के सामने पेश हो गया। यह घटना 20 जून की बताई जा रही है। इससे पहले एक शख्स ऑनलाइन हियरिंग सिगरेट पीते हुए कैद हुआ था। यह वाकया हाईकोर्ट के जस्टिस निरजर एस देसाई की सुनवाई के दौरान हुआ। जब आरोपी शख्स हाईकोर्ट की कार्रवाई में जुड़ा। उस वक्त पर दूसरे पक्ष भी जुड़े हुए थे। जस्टिस निर्जर एस देसाई एक मामले की सुनवाई कर रहे थे। इस में सरमद बैटरी नाम से एक शख्स ने लॉग इन किया था। जो गले में ब्लूटूथ ईयरफोन लगाए दिख रहा है। वह कुछ दूरी पर फोन रखे हुए देख रहा है। वीडियो में दिख रहे फ्लश से पता चलता है कि वह टॉयलेट सीट पर बैठा है। यह शख्स एफआईआर रद्द कराने के लिए दायर की गई एक याचिका में एक प्रतिवादी के रूप में पेश हुआ था। वह क्रिमिनल केस में शिकायतकर्ता था। दोनों पक्षों में समझौते के बाद अदालत ने एफआईआर रद्द कर दी गई थी।



### दूसरी बार ऐसा मामला

यह पहली बार नहीं है जब ऐसा हुआ है। यह दूसरा मामला है इससे पहले अप्रैल में भी ऐसी घटना सामने आई थी। तब भी अप्रैल में एक शख्स गुजरात हाई कोर्ट की सुनवाई के दौरान कैमरे पर सिगरेट पीता दिखा था। अदालत ने उस पर 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया था।

## केंद्रीय मंत्री, प्रदेश सरकार के मंत्री, विधायकों, पूर्व विधायकों सहित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने किया नमन

# माता परमेश्वरी देवी जी को दी भावभीनी श्रद्धांजलि



रोहतक। माता परमेश्वरी देवी जी के निधन पर शोक व्यक्त करते केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र सिंह यादव।



रोहतक। माता परमेश्वरी देवी जी के निधन पर शोक जताते प्रदेश के कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा व अन्य गणमान्य लोग।

### एमडीयू के टैगोर सभागार में श्रद्धांजलि सभा कल

**रोहतक।** प्रदेश के पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु की माता परमेश्वरी देवी जी के निधन पर शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री, राज्य सरकार के मंत्री, पूर्व मंत्री और प्रशासनिक अधिकारियों सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने गहरा दुख प्रकट किया है। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र सिंह यादव सिंधु भवन पहुंचे और शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर संवेदना प्रकट की। उन्होंने दिवंगत परमेश्वरी देवी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। रविवार 29 जून को एमडीयू के टेगौर सभागार में परमेश्वरी देवी जी की श्रद्धांजलि सभा आयोजित की जाएगी।

### इन्होंने माता जी को दी श्रद्धांजलि

माता परमेश्वरी देवी के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए डीजीपी हरियाणा शत्रूजीत कपूर, एडीजी हरियाणा वाई पूर्ण कुमार, एसपी रोहतक नरेंद्र बिजराणिया, हिसार सांसद जयप्रकाश, शहीद भगत सिंह का सुपोत्र यादवेंद्र सिंह संधू, पूर्व सांसद स्वामी समुधानंद, पूर्व मंत्री कर्णदेव कम्बोज, पूर्व मंत्री कंवर पाल गुज्जर, पूर्व विधायक पालम धर्मदेव सौलंकी, विधायक पानीपत प्रमोद विज, पूर्व विधायक छपरोली यूपी सहेंद्र रमाला, विधायक नांगल चौधरी मंजू चौधरी, पूर्व विधायक बाडढ़ा सुखविंद्र मांडी, पूर्व विधायक अमित सिहाग, पूर्व विधायक जसबीर मल्लोर, भाजपा नेता दिल्ली नंद राम बागड़ी, राष्ट्रीय सचिव बीजे वाईएन , भाजपा यूथ मोर्चा से सरदार तेजेंद्र बग्गा, पूर्व विधायक गुहला कुलवंत बाजीगर, पूर्व विधायक अरविंद खन्ना, ओएसडी टू सीएम वीरेंद्र बड़खालसा, ओएसडी टू सीएम राकेश संधू व अन्य ने नमन किया।

#### पूर्व विधायक सुखबीर माड़ी व पालम 360 खाप प्रधान सुरेंद्र सौलंकी ने शोक जताया



#### केंद्रीय पर्यावरण व वन मंत्री भूपेंद्र सिंह यादव



केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र सिंह यादव ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिवार को इस क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि परमेश्वरी देवी धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थी।

#### प्रदेश के कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा



कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने भी सिंधु भवन पहुंच कर माता जी के निधन पर शोक प्रकट किया। उन्होंने कहा कि माता परमेश्वरी देवी एक आदर्श महिला थीं, जिन्होंने अपने जीवन में सेवा और संस्कारों को प्राथमिकता दी। उनका जाना समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। एक महिला के रूप में परमेश्वरी देवी जी ने अपनी भूमिका को पूरी गरिमा से निभाया।

#### पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कैप्टन अजय सिंह यादव भी माताजी के निधन पर शोक जताने पहुंचे और परिवार को सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि मैं कैप्टन अभिमन्यु और उनके परिवार के दु:ख में बराबर का भागी हूं। माता परमेश्वरी देवी बहुत ही संस्कारी महिला थीं। जिन्होंने अपना जीवन जनकल्याण के कार्यों में लगाया।

#### पीजीआईएमएस के कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल



पीजीआईएमएस के कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने माता परमेश्वरी देवी के निधन पर सिंधु भवन पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि परमेश्वरी देवी का जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है। उनके परिवार में जो मूल्यों की नींव है, वह उनके ही कारण है। परिवार समाज के लिए प्रेरणा स्रोत रहा है।

#### हरियाणा सफाई आयोग के अध्यक्ष कृष्ण कुमार



हरियाणा सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष कृष्ण कुमार ने भी माता परमेश्वरी देवी के निधन पर गहरा शोक जताया। उन्होंने कहा कि माताजी का जीवन सादगी, सेवा और श्रद्धा का प्रतीक था। परिवार ने एक मार्गदर्शक स्तंभ खो दिया है। उनकी कमी कभी पूरी नहीं हो पाएगी। उन्होंने समाज को प्रेरणा देने का कार्य किया।

#### पूर्व सांसद सुमेधानंद महाराज



पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद ने माता परमेश्वरी देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने परिवार को दुख की घड़ी में शक्ति प्रदान करने के लिए प्रार्थना की। । उन्होंने कहा माता परमेश्वरी देवी बहुत ही संस्कारी महिला थी। उन्होंने पूरे परिवार को एक साथ संजो कर रखा। उनके संस्कारों की वजह से ही परिवार हर क्षेत्र में कार्य कर रहा है।

### इन्होंने जताया शोक

धर्मदेव सौलंकी, पूर्व विधायक पालम



शत्रुजीत कपूर, डीजीपी, हरियाणा



कंवर पाल, पूर्व शिक्षामंत्री हरियाणा



गुरनाम सिंह चढूनी, किसान नेता



यादवेंद्र सिंह संधू



---

### खबर संक्षेप

#### ऑपरेशन द्रोणगिरि के तहत प्रथम चरण में हरियाणा का चयन

**चंडीगढ़।** राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की वित्तायुक्त एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने कहा कि केंद्र सरकार की राष्ट्रीय भू-स्थानिक नीति के तहत एक अभिनव पहल के अंतर्गत ऑपरेशन द्रोणगिरि के प्रथम चरण में भारत सरकार ने हरियाणा सहित पांच राज्यों को चयनित किया है। डॉ. मिश्रा ने बताया कि केंद्र सरकार कि पहल को देखते हुए हरियाणा सरकार ने ऑपरेशन द्रोणगिरि के क्रियान्वयन के लिए राज्य स्तरीय व जिला स्तरीय कमेटियां गठित की हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा में सोनीपत जिले को प्रथम चरण के लिए प्रारंभिक तौर पर योजना के लिए पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चुना है।

#### प्रदेश में बिगड़ रही कानून-व्यवस्था : दुष्यंत

**चंडीगढ़- फरीदाबाद।** पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि आज प्रदेश की कानून व्यवस्था का बुरा हाल हो गया है। उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ साल से लगातार अपराध की घटनाएं बढ़ रही है। शुक्रवार को दुष्यंत चौटाला फरीदाबाद में बदमाशों के जानलेवा हमले के बाद अस्पताल में भर्ती जेजेपी जिलाध्यक्ष प्रदीप चौधरी से मिलने पहुंचे और उनका हालचाल जाना। पत्रकारों से रूबरू होते हुए पूर्व डिप्टी सीएम ने घटना की निंदा की और कहा कि सरेआम गुंडे बुलाकर 15-20 लोगों ने जेजेपी के जिलाध्यक्ष के साथ मारपीट की। उन्होंने इसकी निंदा की।

## 718 करोड़ से ज्यादा के कॉन्ट्रैक्ट व वस्तुओं की खरीद को मंजूरी

### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में एचपीपीसी और एचपीडब्ल्यूपीसी की बैठक



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सैनी की अध्यक्षता में यहां हुई उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति (एचपीपीसी), और हाई पॉवर्ड वर्क्स परचेज कमेटी (एचपीडब्ल्यूपीसी) की बैठक में लगभग 718 करोड़ रुपये से अधिक के कॉन्ट्रैक्ट और विभिन्न वस्तुओं की खरीद को मंजूरी दी गई। बैठक में विभिन्न बोलीदाताओं से नेगोशिएशन के बाद दरें तय करके लगभग 26 करोड़ रुपये से ज्यादा की बचत की गई है। बैठक में कैबिनेट मंत्री महीपाल ढांडा, विपुल गोयल, श्याम सिंह राणा, रणबीर गंगवा और श्रुति चौधरी उपस्थित रहे।

हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड और दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए ट्रांसमिशन लाइन टावरों और सब-स्टेशन संरचनाओं के विनिर्माण एवं आपूर्ति, एचटी भूमिगत लाइनों इत्यादि के लिए भी लगभग 132 करोड़ रुपए के रेट कॉन्ट्रैक्ट को मंजूरी दी गई। इसके अलावा, जिला अंबाला के तहत नारायणगढ़ डिवीजन में रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) के तहत एग्रीगेट टेक्निकल एंड कमर्शियल लॉस (एटी एंड सी) को कम करने के लिए डिस्ट्रीब्यूशन इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए भी मंजूरी प्रदान की गई। इस पर लगभग 53.86 करोड़ रुपये की लागत आएगी। बैठक में पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा पशुओं में गलघोटू और मुंह खुर बीमारी से बचाव के लिए वैक्सीन खरीद को मंजूरी दी गई।

## स्थानीय निकायों के राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारियां तेज



**चंडीगढ़।** हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा है कि 3 और 4 जुलाई को गुरुग्राम जिले के मानेसर स्थित आईकैट परिसर में होने वाला शहरी स्थानीय निकायों का राष्ट्रीय सम्मेलन शहरी स्थानीय शासन के विकास में एक नया अध्याय साबित होगा। राष्ट्रीय सम्मेलन में देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में स्थापित श्रेष्ठ प्रथाएं साझी होंगीकल्याण शुक्रवार को विधान सभा सचिवालय में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सम्मेलन के शुभारंभ अवसर पर लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर मुख्य मंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल विशिष्ट अतिथि होंगे।

### खुल्लर ने ली समीक्षा बैठक, दिए निर्देश

**चंडीगढ़।** हरियाणा मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर ने कहा कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के शहरी स्थानीय निकायों के अध्यक्षों का 3 और 4 जुलाई को मानेसर (गुरुग्राम) में आयोजित होने वाला राष्ट्रीय स्तरीय सम्मेलन देश में यह अपनी तरह का पहला कार्यक्रम है। मुख्य प्रधान सचिव यहां मानेसर (गुरुग्राम) में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि गुरुग्राम में विभिन्न स्थानों को चिह्नित कर इस सम्मेलन का प्रचार ज्यादा से ज्यादा किया जाए।

## तंजानियाई प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सचिव रस्तोगी से की भेंट



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने यहां तंजानिया गणराज्य के संयुक्त वित्त आयोग (जेएफसी) के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान, रस्तोगी ने भारत के राजकोषीय ढांचे को रेखांकित करते हुए केंद्र और राज्य सरकारों के बीच कर संग्रह जिम्मेदारियों, राजस्व स्रोतों, ऋण वित्तपोषण तंत्र, ऋण और अनुदान के विभाजन की जानकारी दी। उन्होंने राजकोषीय अनुशासन के लिए हरियाणा की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि राज्य बजट से बाहर उधार लेने से बचता है। रस्तोगी ने भारत में राजकोषीय संघवाद के सिद्धांतों की व्याख्या करते हुए बताया कि राज्यों को वित्त आयोग की सिफारिशों के आधार पर केंद्रीय कर राजस्व का हिस्सा मिलता है।

## कर्मचारियों पर जबरदस्ती यूपीएस थोप रही सरकार



**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने कहा है कि सरकार जबरदस्ती कर्मचारियों पर यूपीएस थोप रही है। जबकि कर्मचारी ना ही यूपीएस से सहमत हैं, ना ही एनपीएस से। उनकी मांग सिर्फ और सिर्फ ओपीएस की है। केंद्र की तर्ज पर राज्य कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए हरियाणा कैबिनेट ने यूनिफाइड पेंशन स्कीम लागू करने की घोषणा की गई। यह स्कीम पेंशन स्कीम न होकर एक पेआउट स्कीम है, जो कि बजट में स्पष्ट लिखा गया है। पे-आउट का अर्थ है, एकमुश्त राशि जमा करवाने या निवेश करने पर प्राप्त लाभ का भुगतान करना। हुड्डा ने कहा कि कर्मचारियों से पुरानी पेंशन छीन कर बीजेपी सरकार उनकी सामाजिक सुरक्षा को पूरी तरह खत्म करने पर उतारू है।

## सरकार ने महिला शक्ति को बढ़ावा दिया : राजेश नागर

**चंडीगढ़।** हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री राजेश नागर के कहा कि महिला शक्ति की महिमा को हमारी सरकार ने हमेशा से प्रोत्साहित किया है। हमने लाड़ली योजना और ड्रोन दीदी जैसी कई योजनाएं लागू की और पंचायत में महिला आरक्षण को साकार रूप दिया है।
नागर आज चंडीगढ़ में आयोजित इंडियन डायरेक्ट सेलिंग एसोसिएशन (आईडीएसए) के हरियाणा, पंजाब, जम्मू - कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ के क्षेत्रीय सम्मेलन में मुख्य अतिथि के तौर पर बोल रहे थे। सम्मेलन में बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी को सराहते हुए राज्य मंत्री ने कहा कि यहाँ मौजूद एक - एक महिला देश प्रदेश के विकास की एक मजबूत कड़ी है। श्री नागर ने कहा कि आंकड़ें बताते हैं कि भारत में डायरेक्ट सेलिंग का मार्किट अब 22 हजार करोड़ रुपए को पार कर चुका है। इस कारोबार से लगभग 88 लाख लोगों का जुड़ना दर्शाता है कि यह उद्योग उन्हें बिना किसी निवेश के रोजगार तथा आजीविका और आय के वैकल्पिक साधन उपलब्ध करवा रहा है।

## रेवाड़ी व नारनौल के निर्माणाधीन अस्पतालों के कार्यों की समीक्षा

### स्वास्थ्य मंत्री राव ने ली बैठक

**चंडीगढ़।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री आरती सिंह राव ने चंडीगढ़ में रेवाड़ी व नारनौल जिलों में स्वास्थ्य संस्थानों में चल रहे निर्माण कार्यों को लेकर विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक कर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में विशेष रूप से अस्पतालों की सुरक्षा, निर्माण की प्रगति, उपयोगी बुनियादी ढांचे और जरूरी सुविधाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया, ताकि राज्य के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं और मरीजों को सुविधाजनक अनुभव मिल सके।बैठक में रेवाड़ी जिला अस्पताल की समीक्षा के दौरान मंत्री ने फायर एनओसी के लंबित मामले को उठाया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि अग्निशमन विभाग से समन्वय कर शीघ्र आवश्यक स्वीकृतियां प्राप्त की जाएं। उन्होंने भू-सीमा निर्धारण प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए अधिकारियों को निर्देश भी दिए और उपायुक्त रेवाड़ी से भी बातचीत की। मंत्री ने लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि अस्पताल में चल रहे सभी मरम्मत कार्य जुलाई के अंत तक पूर्ण कर लिए जाएं। उन्होंने अस्पताल और ट्रॉमा सेंटर को जोड़ने वाले फुट ओवरब्रिज के निर्माण की समीक्षा करते हुए 15 जुलाई तक सभी चार लिफ्टों की स्थापना व संचालन सुनिश्चित करें।


### भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय
खानपुर कलां (सोनीपत), हरियाणा-131305
(अधिनियम 31 ऑफ 2006 द्वारा स्थापित एक राज्य विश्वविद्यालय)
(एनएएसी प्रमाणित 'बी++' ग्रेड विश्वविद्यालय)

**अधिसूचना**

सभी सम्बन्धितों की जानकारी हेतु एतद द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि विज्ञापन सं. 01/2024 से 32/2024 के तहत निम्नलिखित पद कोड : 102, 113, 112, 109, 126, 131, और 119 जो पहले ही परिपक्व हो गए हैं, को छोड़कर विज्ञापन सं. 01/2024 से 32/2024, 33/2024 से 66/2024, 67/2024 से 75/2024 और 76/2024 से 97/2024 के तहत विज्ञापित अध्यापन पदों को प्रशासनिक कारणों की वजह से एतद द्वारा वापिस ले लिया गया है।

सभी आवेदक भुगतान किए गए शुल्क सह आवेदन प्रपत्र के प्रमाण सहित इस सूचना के 60 दिन के अंदर (ऑनलाइन / ऑफलाइन माध्यम से) रिफंड के लिए आवेदन कर सकते हैं। 60 दिन के पश्चात, शुल्क की वापसी के लिए किसी आग्रह पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदक विश्वविद्यालय वेबसाइट www.bpsmv.ac.in पर पधार सकते हैं।

संवाद-1239/11/85/2026/36022/सी/88/6 दि. 27.06.25 हस्ता/- रजिस्ट्रार

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली (छ.ग.)
**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

क्र./लो.क.वि./2025/488 रिसाली, दिनांक 26/06/2025

नगर पालिक निगम, रिसाली की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | सिस्टम टेंडर क्र. | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | PUMPING ARRANGEMENT FOR SEWAGE OF TALPURI AREA TO EXISTING PUMPING STATION OF BSP. | 170888 | 18587180.00 | 15-07-2025 |

(नोट :- ई-टेण्डर में ऑफलाईन धरोहर राशि एवं शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदाकार की निविदा अमान्य किया जावेगा तथा दर को नहीं खोला जावेगा।)

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, रिसाली

### सार्वजनिक सूचना

नगर परिषद, नारनौल द्वारा निर्मित दुकान नं0 260 वाका चौधरी देवीलाल कॉम्पलैक्स कि खुली बोली दिनांक 04.07.2025 को प्रातः 11:00 बजे मौका स्थल नगर परिषद, नारनौल में कि जायेगी। इच्छुक बोली दाता दिनांक 04.07.2025 को सिक्योरिटी राशि 01 लाख रूपये नगद नगर परिषद कार्यालय मे जमा करवाकर रजिस्ट्रेशन करवा सकते है केवल बोली की सिक्योरिटी राशि जमा करने वाले व्यक्ति को ही बोली मे भाग लेने का अधिकार होगा व नीलामी की शर्तें मौके पर सुना दी जाएगी।

Sd/-Executive Office
Municipal Council
Narnaul

संवाद-1078/11/723/2026/36017/C/88/6 दि. 27.06.2025

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विकास, निवासी वीपीओ पुरकाश, सोनीपत, हरिजनो की चौपाल, सोनीपत-131001** ने **सीटी नं. 5814/2019 धारा 138 एनआई एक्ट, थाना केएन काटजु मार्ग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **विकास** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **विकास** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि सीटी नं.5814/2019 धारा 138 एनआई एक्ट, थाना केएन काटजु मार्ग, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **विकास** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.07.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आवेशानुसार
श्री हिमांशु सहलोथ
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-03, उत्तर जिला
कमरा नं.213, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/8433/RD/2025

## खबर संक्षेप



### कुश्ती में म्हारी बेटी ने जर्मनी में गोल्ड जीता

**नरवाना।** हरियाणा की पहली महिला पहलवान ज्योति सिहाग पन्नू ने जर्मनी में आयोजित वर्ल्ड मिलिट्री कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत कर नरवाना और अपने गांव जुलहेडा और हरियाणा का परचम लहराने का काम किया। ज्योति सिहाग पन्नू नरवाना के गांव जुलहेडा की बहू है इसने गांव जुलहेडा का नाम रोशन करने का काम किया हैए गांव वासियों को अपनी बहू की जीत पर नाज है और गांव की और से बधाई दी।

### विकासात्मक कार्यों में तेज़ी लाने के निर्देश

**चंडीगढ़।** हरियाणा के नागरिक उड्डयन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन तथा शहरी स्थानीय निकाय विभाग के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने हरियाणा एयरपोर्ट डेवलप्मेंट कॉर्पोरेशन (एचएडीसी) की बोर्ड मीटिंग की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने एचएडीसी के अंतर्गत चल रहे सभी कार्यों की समीक्षा की और बोर्ड के सदस्यों द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा कर विकासात्मक कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में और मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में नागरिक उड्डयन विभाग और एचएडीसी का प्रमुख उद्देश्य हरियाणा में हवाई सेवाओं को बढ़ावा देना और हरियाणा को एविएशन हब के रूप में विकसित करना है। उन्होंने कहा कि हरियाणा लगातार विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है ।

### कैब चालक को लूटने के मामले में महिला काबू

**गुरुग्राम।** सोहना क्राइम ब्रांच ने लिफ्ट लेकर कैब चालक को बंधक बनाकर लूटने के मामले में शामिल महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित महिला के एक अन्य साथी को ऑपरेशन आक्रमण के दौरान गिरफ्तार किया था। जिसे अदालत में पेश करके दो दिन के पुलिस हिरासत रिमांड पर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जा से 10 हजार रुपए की नगदी व एक मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### हेरोइन मुहैया कराने का आरोपी धरा

**गुरुग्राम।** सिकंदरपुर क्राइम ब्रांच ने अवैध स्मैक/हेरोईन मुहैया कराने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से एक मोबाइल फोन व एक हजार रुपए की नगदी बरामद की है। पुलिस मामले में अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस आरोपी को आगामी कार्रवाई के लिए अदालत में पेश करेगी।

### हॉस्पिटल से प्रॉपर्टी टैक्स के वसूले 1 करोड़ 96 लाख

**फरीदाबाद।** नगर निगम फरीदाबाद द्वारा आज फरीदाबाद के माता अमृतानंदमयी अस्पताल पर सख्त रुख अपनाते हुए 1 करोड़ 96 लाख रुपए से ज्यादा का प्रॉपर्टी टैक्स रिकवर किया है। काफी लंबे समय से इस अस्पताल द्वारा प्रॉपर्टी टैक्स जमा नहीं किया जा रहा था, लेकिन हरियाणा सरकार के दिशा निर्देश अनुसार नगर निगम द्वारा बकाया प्रॉपर्टी टैक्स वसूली की कार्रवाई लगातार जारी है। हरियाणा सरकार के दिशा निर्देशों पर आज निगम आयुक्त धीरेंद्र के मार्गदर्शन में ओल्ड जोन 1 क्षेत्रीय कर अधिकारी सृष्टि बब्बर की टीम द्वारा प्रॉपर्टी टैक्स वसूल कर निगम खाते में जमा कराया गया है।

### 9 को होने वाली हड़ताल में होंगे शामिल

**फरीदाबाद।** नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री ने कहा है कि एनपीएस या यूपीएस नहीं पुरानी पेंशन कर्मचारियों का मौलिक अधिकार। केंद्र सरकार के नक्शे कदम पर चलते हुए हरियाणा सरकार ने लागू की यूपीएस पेंशन स्कीम कर्मचारियों को यूनिफाइड पेंशन या नेशनल पेंशन स्कीम में से एक चुनने का अधिकार न्याय उचित नहीं। सरकार को पुरानी पेंशन बहाल नहीं कर रही है।

# आनलाइन आवेदन में राजकीय आईटीआई हिसार प्रदेश में प्रथम

## 3 जुलाई को जारी होगी मेरिट सूची कम सीट अलाटमेंट, आनलाइन आवेदन का समय हुआ समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में दाखिले को लेकर आवेदन करने की अंतिम तिथि 27 जून को समाप्त हो गई है। आनलाइन आवेदन में राजकीय आईटीआई हिसार प्रथम और कैथल द्वितीय स्थान पर रहा। संस्थान में 1250 सीटों के लिए 8132 आवेदन प्राप्त हुए। इससे स्पष्ट है कि इस बार कैथल के राजकीय आइटीआइ में मेरिट सूची हाई रहेगी। बता दें कि विभाग की ओर से जारी शेडयूल अनुसार 6 जुलाई से दाखिला के लिए आवेदन शुरू हुए थे। पहले फेज में 20 जून तक आवेदन हुए थे। इसके बाद से ही आईटीआई में युवाओं की भीड़ उमड़ रही थी। उसके बाद युवाओं के रुझान अनुसार 21 जून से 27 तक दोबारा दाखिला की डेट बढ़ा दी थी।

**खास बातें**

- आनलाइन आवेदन में राजकीय आईटीआई कैथल द्वितीय स्थान पर रहा
- 21 जून से 27 तक दोबारा दाखिला की डेट बढ़ा दी थी

**फार्म भरने के लिए पहुंचे युवा**



कैथल। आईटीआई में फार्म भरने के लिए पहुंचे युवा।

**च्वाइस के अनुसार सीटों का आबंटन**

विभागीय जानकारों का कहना है कि संस्थान में इस बार भी मेरिट सूची व फार्म में भरी गई च्वाइस के अनुसार ही सीट आबंटन होगा। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि पहली मैरिट सूची में करीब 30 से 40 प्रतिशत तक सीट आबंटित की जा सकती हैं।

**काउंसलिंग का शेडयूल**

3 जुलाई को आईटीआई में दाखिले को लेकर पहली मेरिट लिस्ट कम सीट अलाटमेंट जारी होगी। दस्तावेजों की जांच आईटीआई में फिजिकल वेरिफिकेशन के आधार पर 3,5 और 7 जुलाई को होगी। विद्यार्थी 8 जुलाई तक अपनी फीस जमा करवा सकेंगे।

**अतिरिक्त वेटेज से बढ़ा रूझान**

इस बार आईटी आई में दाखिले के लिए छात्र इसलिए भी आवेदन कर रहे हैं कि अग्निवीर योजना में जहां आईटी आई पास युवाओं को पांच नंबर की अतिरिक्त वेटेज दी जा रही है। इसके अलावा सेना, रेलवे में समय-समय पर भर्तियां निकाली जाती हैं, जिनमें आईटी आई कोर्स को प्राथमिकता दी जाती है।

**आनलाइन आवेदन का समय समाप्त हो गया**

शुक्रवार को आनलाइन आवेदन का समय समाप्त हो गया है। संस्थान आनलाइन आवेदन में प्रदेश में दूसरे स्थान पर रहा। इसके लिए संस्थान की टीम बधाई की पात्र है। 3 जुलाई को पहली मेरिट सूची जारी की जाएगी। जिन विद्यार्थियों को सीट अलाट की जाएगी वे मूल दस्तावेज लेकर संबंधित आइटीआइ में काउसंलिंग में भाग लेते हुए दाखिला ले सकेंगे।
**-सतीश मच्छाल**, आइटीआई, जिला नोडल अधिकारी

## युवती 13 जून से लापता थी, चचेरे भाई की शिकायत पर कार्रवाई

# फतेहाबाद में पिता ने बेटी की हत्या करके दफना दिया शव

- मृतका की शादी मढ़ गांव में हुई थी लेकिन वह अपने पिता के पास रह रही थी
- पुलिस ने घर में बने छप्पर की खुदाई की तो छन्नो देवी का शव बरामद हो गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

गांव काता खेड़ी में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। सदर पुलिस ने एक घर की खुदाई कर वहां से 26 वर्षीय युवती छन्नो देवी की लाश बरामद की है। आरोप है कि छन्नो देवी को उसके पिता जीत सिंह ने ही अपनी बेटी को मारकर घर में दबा दिया था। यह युवती 13 जून से लापता थी। बताया गया है कि मृतका की शादी मढ़ गांव में हुई थी लेकिन वह काताखेड़ी में अपने पिता के पास रह रही थी। लापता युवती के चचेरे भाई मनजीत सिंह ने गत दिन पुलिस को शिकायत देकर आशंका व्यक्त की कि उसके चाचा ने अपनी बेटी की हत्या कर घर में ही खड्डा खोदकर दबा दिया है। मनजीत सिंह ने शिकायत में कहा था कि उसका चाचा जीत सिंह गांव में सफाई कर्मचारी है। 5 साल पहले उसके चाचा की पत्नी की मौत हो चुकी है। उसकी चाची की मौत के बाद छन्नो देवी अपने पिता के घर ही रह रही है। जब कई दिनों से उन्हें छन्नों नजर नहीं आई तो उन्होंने अपने चाचा से इस बारे में पूछा तो वह टाल मटोल करता रहा। मनजीत सिंह ने शिकायत में कहा कि उन्हें शक है कि चाचा ने अपनी बेटी का कत्ल कर घर में ही दबा दिया है। इस शिकायत के बाद शुक्रवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घर में बने छप्पर की खुदाई की जिसमें छन्नो देवी का शव बरामद हो गया। वहीं पुलिस ने जीत सिंह के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।



फतेहाबाद। पुलिस की गिरफ्त में आरोपी पिता। फोटो : हरिभूमि

**भतीजे के बार-बार पूछने पर टूट गया**

थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने अपनी ही बेटी की हत्या के गंभीर मामले में आरोपी को कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जीत सिंह पुत्र लाल सिंह, निवासी गांव काताखेड़ी के रूप में हुई है। इस संबंध में मनजीत सिंह पुत्र सतनाम सिंह, निवासी काताखेड़ी की शिकायत पर थाना सदर फतेहाबाद में धारा 103(1), 238(ए) बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) के तहत हत्या का मामला दर्ज किया गया है थाना सदर फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि छन्नो बाई उम्र 26 वर्ष जो आरोपी की बड़ी बेटी थी, बीते कुछ समय से बीमार थी और अपने पिता के साथ गांव में रह रही थी। छन्नो की शादी कुछ वर्ष पहले गांव मढ़ में हुई थी, लेकिन पारिवारिक मतभेदों के चलते वह मायके लौट आई थी। मां के निधन के बाद उसकी देखभाल छोटी बहन सीमा करती थी, जिसकी शादी 2 जून 2025 को हो चुकी थी। सीमा की शादी के बाद घर में केवल छन्नो और उसके पिता जीत सिंह ही रह गए थे। कुछ समय से छन्नो की अनुपस्थिति को लेकर परिजनों को संदेह होने लगा। जब जीत सिंह का भतीजा बार-बार छन्नो के बारे में पूछता रहा और संतोषजनक जवाब नहीं मिला, तो उसने घर जाकर खुद पड़ताल की। वहां छप्पर के नीचे की मिट्टी उखड़ी हुई पाई गई, जिससे संदेह और गहराया कि छन्नो की हत्या कर शव वहीं दफना दिया गया है।

## अरावली में पेड़ों की कटाई मामला

# डीएलएफ ने हाईकोर्ट में दी सफाई, कहा-1995 से हैं सभी मंजूरियां, वन क्षेत्र नहीं है भूमि

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़

गुरुग्राम के डीएलएफ फेज 5 में अरावली क्षेत्र में 40 एकड़ भूमि पर लगभग 2000 पेड़ों की कटाई को लेकर लिए गए संज्ञान पर सुनवाई के दौरान डीएलएफ ने अपने ऊपर लगे आरोपों को नकारा। मामले की सुनवाई के दौरान डीएलएफ की ओर से पेश वकीलों ने अवकाशकालीन पीठ को बताया कि इस परियोजना के लिए सभी आवश्यक मंजूरी वर्ष 1995 में ही प्राप्त कर ली गई थीं।डीएलएफ की ओर कंपनी बताया गया कि यह जमीन 1995 से पहले ही अधिग्रहित कर ली थी और उसी समय से वैध लाइसेंस उनके पास है। उन्होंने अदालत में कहा यह कोई रातों-रात शुरू हुई योजना नहीं है। यह जमीन तीन दशक पहले ही ग्रुप हाउसिंग और प्लाटेड कालोनी के लिए लाइसेंस प्राप्त कर चुकी थी। इस पर यह कहना कि हम अचानक जंगल में आ बसे हैं, तथ्यात्मक रूप से गलत है। डीएलएफ ने स्पष्ट किया कि यह जमीन वन भूमि नहीं है और न ही इसमें किसी वन क्षेत्र पर आवासीय निर्माण किया गया है। चंडीगढ़ या गुरुग्राम जैसे शहरों में निजी भूमि पर पेड़ काटने के लिए भी अनुमति लेनी होती है, और हमने सभी नियमों के तहत प्रक्रिया का पालन किया है। इसी मामले में नगर निगम गुरुग्राम की ओर से भी हलफनामा दाखिल किया गया, जिसमें कहा गया कि डीएलएफ को हरियाणा टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग से आवश्यक अनुमति मिल चुकी है। निगम के आयुक्त प्रदीप दहिया की ओर से कोर्ट में कहा, निगम एक जिम्मेदार वैधानिक संस्था है, जो पर्यावरण संरक्षण, सतत शहरी विकास और अरावली पर्वत श्रृंखला की नाजुक पारिस्थितिकी को लेकर सजग है। निगम हरियाणा के हरित आवरण को संरक्षित रखने हेतु वृक्षारोपण, ग्रीन एरिया रख-रखाव और जनजागरूकता जैसे अनेक प्रयास करता रहा है।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगवाएंः राव नरबीर

**चंडीगढ़।** वन एवं पर्यावरण तथा उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह ने आज आगामी वृक्षारोपण अभियान के मद्देनजर पंचकूला जिले में स्थित वन विभाग की नर्सरी का अवलोकन किया तथा अधिकारियों को अधिक से अधिक पौधे लगवाने व उनकी देखभाल करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने नेचर कैंप का भी दौरा किया और त्रिफला वाटिका में जाकर वहां की व्यवस्थाएं भी देखी। राव नरबीर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आने वाले पौधारोपण के सीजन के दौरान व्यापक स्तर पर अभियान चलाकर अधिक से अधिक पौधे लगाएं ताकि पर्यावरण को आने वाले पीढियों के लिए संरक्षित किया जा सके।

## हरियाणा पुलिस की ऐतिहासिक उपलब्धि

# निःशुल्क कैशलेस इलाज योजना के क्रियान्वयन में पहले स्थान पर प्रदेश

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़

सड़क दुर्घटना पीड़ितों को निःशुल्क और त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में हरियाणा द्वारा उठाया गया कदम अब पूरे देश के लिए एक आदर्श मॉडल बन चुका है। पहली अक्टूबर,2024 को लागू की निःशुल्क कैशलेस इलाज योजना के सफल और प्रभावशाली क्रियान्वयन ने हरियाणा को राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान दिलाया है। यह हरियाणा पुलिस की तत्परता, तकनीकी दक्षता और मानवीय संवेदनशीलता का परिणाम है जिसने इस योजना को धरातल पर उतारते हुए इसे एक सशक्त, संवेदनशील और प्रभावशाली राहत तंत्र के रूप में साकार कर दिखाया। डीजीपी ने असाधारण उपलब्धि पर ट्रैफिक एवं हाइवे विंग की पूरी टीम को बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह योजना जनसेवा, सुशासन और उत्तरदायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण है और भविष्य में भी नागरिक-केन्द्रित दृष्टिकोण इसी तरह जारी रहेगा। अब तक 3167 सड़क दुर्घटनाओं के मामलों में पीड़ितों को निःशुल्क कैशलेस इलाज उपलब्ध कराया।

### एक जुलाई से कर सकते हैं मुक्त विद्यालय के सेकेंडरी-सी सेकेंडरी परीक्षा के आवेदन

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा सितम्बर-2025 में आयोजित करवाई जाने वाली हरियाणा मुक्त विद्यालय की सैकेण्डरी तथा सीनियर सैकेण्डरी परीक्षा (सीटीपी, ओसीटीपी, रि-अपीयर, अतिरिक्त विषय, आंशिक अंक सुधार एवं पूर्ण विषय अंक सुधार श्रेणी) के लिए 01 जुलाई, 2025 से बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह जानकारी देते हुए हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष प्रो.(डॉ.) पवन कुमार, उपाध्यक्ष सतीश कुमार एवं सचिव डॉ. मुनीश नागपाल ने बताया कि परीक्षार्थी 1200 रुपये एवं रि-अपीयर, आंशिक अंक सुधार व पूर्ण विषय अंक सुधार श्रेणी के परीक्षार्थी 1100 रुपये परीक्षा शुल्क सहित 01 जुलाई से 20 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन करना सुनिश्चित करें।

## मानसिक परेशानी में उठाया कदम

# हांसी में नौवीं के छात्र ने फंदा लगाकर की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

हांसी निकटवर्ती गांव प्रेमनगर में बृहस्पतिवार शाम को मानसिक परेशानी के चलते एक 15 वर्षीय छात्र ने घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। हादसे के वक्त पिता काम पर तथा मां घर से बाहर गई हुई थी। शाम को जब पिता घर लौटे तो अपने इकलौते बेटे को फंदे पर लटका हुआ देखा तो उसकी चीख निकल गई। उसकी चीखें सुन परिवार के सदस्यों ने अमन को फंदे से उतार उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर शवगृह में रखवाया जहां शुक्रवार को मृतक के पिता के बयान पर इत्तेफाकिया मौत की कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप मामले की जांच आरंभ कर दी है। नागरिक अस्पताल में मृतक के पिता ने बताया कि वह घरों में रंग-रोगन का काम करते हैं और बृहस्पतिवार शाम को काम से घर लौटे तो उसका इकलौता बेटा 15 वर्षीय अमन घर में लगे पंखे के हुक में फंदे पर लटका हुआ था। उन्होंने बताया कि अमन नौवीं कक्षा में पढ़ता था।

### इग्नू ने लांच किया बीए होम साइंस पाठ्यक्रम

**चरखी दादरी।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने 12वीं पास छात्रों को एक और अन्य मौका देते हुए नया कोर्स लॉन्च किया है। इग्नू ने जुलाई सेशन 2025 से बीए होम साइंस कार्यक्रम की शुरुआत की है। यह कार्यक्रम चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के तहत ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) मोड में उपलब्ध होगा। इग्नू के बीए होम साइंस कोर्स के लिए 12वीं पास छात्र आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा ही जो स्टूडेंट्स हायर एजुकेशन के साथ-साथ किसी व्यावसायिक क्षेत्र में भी करियर बनाना चाहते हैं, उनके लिए भी यह बेहतर विकल्प हो सकता है। इस कोर्स का मीडियम हिंदी और इंग्लिश होगा। इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ धर्मपाल ने इस कोर्स के बारे में जानकारी दी है।

## सीआरएसयू की बड़ी उपलब्धि

# 10 दिनों में घोषित हुआ यूजी अंतिम सेमेस्टर का परिणाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए यूजी के अंतिम सेमेस्टर की परीक्षाओं के परिणाम मात्र 10 दिनों में घोषित कर शिक्षाजगत में एक नई मिसाल कायम की है। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डा. राजेश कुमार बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि कुलपति प्रो. डा. रामपाल सैनी के मार्गदर्शन में यूजी अंतिम सेमेस्टर की परीक्षाएं 16 जून तक विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर सफलतापूर्वक आयोजित की गई थी। इन सभी परीक्षाओं का परिणाम विश्वविद्यालय द्वारा 26 जून वीरवार को घोषित किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. डा. रामपाल सैनी और कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने परीक्षा शाखा के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि इतने कम समय में परीक्षाफल जारी करना विश्वविद्यालय की दक्षता, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व को दर्शाता है।



हमारा उद्देश्य न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना बल्कि प्रशासनिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिताः वीसी

### गुजवि ने एमटेक और एमफार्म कोर्सो के लिए अंतिम तिथि बढ़ाई

**हिसार।** विद्यार्थियों तथा अभिभावकों की मांग पर गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने एमटेक व एमफार्म कोर्सिज में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब विद्यार्थी 6 जुलाई सायं पांच बजे तक एमटेक व एमफार्म कोर्सों में दाखिले के लिए आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि अभिभावकों व विद्यार्थियों की मांग को देखते हुए विश्वविद्यालय ने एमटेक व एमफार्म कोर्सों में दाखिले की अंतिम तिथि बढ़ाने का निर्णय लिया है। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि जिन विद्यार्थियों का अंतिम सेमेस्टर/वर्ष का परीक्षा परिणाम अभी लंबित है।

## नई जिम्मेदारी: समयबद्ध तरीके से पंचायतों और निकायों के चुनाव कराना हमारी प्राथमिकता

# हरियाणा चुनाव आयुक्त देवेंद्र कल्याण ने संभाला कार्यभार

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़

आखिरकार 1990 बैच के आईआरएस अफसर और हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण के भाई देवेंद्र कल्याण ने हरियाणा राज्य चुनाव आयुक्त की जिम्मेदारी संभाल ली है। उन्होंने समयबद्ध तरीके से निष्पक्ष चुनाव,पारदर्शी व्यवस्था आदि को प्राथमिकता देने की बात कही है।

यहां पर उल्लेखनीय है कि 190 बैच के आईआरएस (भारतीय राजस्व सेवा) अधिकारी देंवेंद्र कल्याण बीती चार मई को सेवानिवृत्त हो गए हैं। वे रिटायर होने से ठीक पहले हरियाणा सरकार में सेवाएं दे रहे थे लेकिन रिटायर होने से पहले मूल विभाग में चले गए थे। जहां से सेवानिवृत्त होने के बाद में उन्हें भाजपा की राज्य सरकार ने नई



जिम्मेदारी सौंपी है। जिसके काफी समय पहले से कयास लगाए जा रहे थे। वे लगभग दो साल तक हरियाणा के आबकारी व कराधान विभाग में बतौर प्रमुख सचिव सेवाएं दी थी। बीती मई में वे बतौर मुख्य आयकर आयुक्त के पद से रिटायर हुए हैं।

कल्याण ने आयकर विभाग में रहते हुए देश के विभिन्न राज्यों में आयकर विभाग में सेवाएं देने का काम किया। बाद में उन्हें डेपुटेशन पर हरियाणा भेजा गया था। यहां पर यह भी बता दें कि हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण के वे भाई हैं। देवेंद्र कल्याण को राज्य का चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया है।

देवेंद्र कल्याण ने शुक्रवार की सुबह पंचकूला सेक्टर 18 स्थित चुनाव आयुक्त हरियाणा आफिस में ज्वाइन कर लिया है। उन्होंने समयबद्ध तरीके से पंचायतों और निकायों के चुनाव कराने को प्राथमिकता की बात कही है।

**चार साल से ज्यादा समय रहे धनपत सिंह**

हरियाणा सरकार से सेवानिवृत्त और हरियाणा कैडर के आईएएस अधिकारी धनपत सिंह चार साल से ज्यादा समय तक राज्य चुनाव आयुक्त नियुक्त रहे। निर्विवाद बढ़िया कार्यकाल उनका रहा साथ ही मृदुभाषी धनपत सिंह के प्रशासनिक सर्किल और मीडिया के साथ में भी मधुर संबंध बने रहे। धनपत सिंह को चार साल पहले चुनाव आयुक्त दलीप सिंह के स्थान पर नियुक्त किया गया था, उस वक्त तत्कालीनमुख्य सचिव विजय वर्धन ने उनकी नियुक्ति के आदेश जारी किए थे। उस वक्त राज्यपाल सत्यदेव नारायण आर्य थे, जिन्होंने धनपत सिंह को राज्य चुनाव आयुक्त के पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई थी। 8 अप्रैल 2021 धनपत सिंह ने ज्वाइन किया था। रिटायर हुए धनपत सिंह के स्थान पर देवेंद्र कल्याण की नियुक्ति की है, क्योंकि उनका कार्यकाल पूर्ण हो चुका था लेकिन नई नियुक्ति तक उन्हें काम करने के लिए कहा गया था। उनकी नियुक्ति के हुए आदेश हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव द्वारा जारी कर दी गई है।

**शपथ ग्रहण नहीं पहले ही किया ज्वाइन**

आमतौर पर हरियाणा राज्य चुनाव आयुक्त को प्रदेश के राज्यपाल द्वारा शपथ दिलाई जाती है। पूर्व में तैनात रहे वरिष्ठ रिटायर आईएएस अधिकारी धनपत सिंह को तत्कालीन राज्यपाल द्वारा शपथ दिलाई गई थी। उसके पहले भी तैनात रहे आयुक्तों को शपथ दिलाने का काम हुआ था, लेकिन रिटायर आईआरएस अफसर कल्याण ने शुक्रवार को ज्वाइनिंग कर ली है, लेकिन शपथ ग्रहण पूर्व की तरह से नहीं हो सका है। बताया जा रहा है कि इस तरह का प्रावधान ही नहीं है, इसलिए इसकी जरूरत नहीं हैं।

# घरेलू झगड़े में बेटे ने मां को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

समालखा में मामूली घरेलू झगड़े में एक बुजुर्ग महिला को उसके ही बेटे ने सिर मे ईंट मारकर मौत के घाट उतार दिया। इसी झगड़े में आरोपी का भाई भी घायल हुआ है। मां की हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने हिरासत मे ले लिया है। मिलील जानकारी के अनुसार घटना गुरुवार शाम को खंड के गांव पावटी में हुई। पुलिस को दी शिकायत मे मृतका के पति रामबीर ने बताया कि वह उतर प्रदेश के थाना कांधला के गांव असदपुर का निवासी है तथा हाल में वह गांव पावटी में परिवार सहित रह रहा है। उसके पांच बेटे व दो बेटियां हैं। तीसरे नंबर का बेटा कपिल अपनी पत्नी रविता के साथ झगडा कर रहा था। उसी समय वह और पत्नी बिरमला छोटे बेटे विकास के साथ आए। झगड़े में बीच बचाव करने लगे तो कपिल अपनी पत्नी को छोड़ मां बिरमला व भाई विकास के साथ झगडने लगा। इसी बीच कपिल ने मकान की छत पर चढक़र मां व भाई पर ईंटें बरसानी शुरू कर दी। ईंट बुजुर्ग महिला बिरमला के सिर में लगी, जिससे वह नीचे गिर गई। परिजन घायल मां बेटे को रिक्शा मे डालकर नागरिक अस्पताल ले गए। जहां से महिला को गंभीर हालत में रोहतक पीजीआई रेफर किया गया। वहीं इलाज के दौरान महिला बिरमला की मौत हो गई। जिसका पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनो को सौंप दिया। समालखा थाना प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि घरेलू झगड़े में बुजुर्ग महिला की हत्या करने के आरोपी युवक कपिल को हिरासत में ले कर पूछताछ की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### बीओआई बांड के जरिए 20,000 करोड़ जुटाएगा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) ने कहा कि वह बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए चालू वित्त वर्ष के दौरान बॉन्ड के जरिये 20,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रहा है। बीओआई ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसके निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2025-26 में 20,000 करोड़ रुपये के दीर्घकालिक अवसंरचना बॉन्ड जारी करने को मंजूरी दी है।

### नियम तोड़न के लिए एयरटेल पर जुर्माना

**नई दिल्ली।** दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने असम सर्किल में ग्राहक सत्यापन नियमों के उल्लंघन के लिए भारती एयरटेल को 6.48 लाख रुपये के जुर्माने का नोटिस भेजा है। भारती एयरटेल ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि वह इसके सुधार और नोटिस की वापसी के लिए उचित कार्रवाई करेगी।

### श्रावणी मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए स्पेशन ट्रेन

**हाजीपुर।** श्रावणी मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर रेलवे द्वारा गोरखपुर-छपरा-हाजीपुर-शाहपुर पटोरी, बरौनी-मुंगेर-सुलतानगंज-भागलपुर के रास्ते बढ़नी और देवघर के मध्य 05028/05027 बढ़नी-देवघर-बढ़नी श्रावणी मेला स्पेशल का परिचालन किया जायेगा जिनका विवरण निम्नानुसार है। गाड़ी सं. 05028 बढ़नी-देवघर श्रावणी मेला स्पेशल 09.07.2025 से 10.08.2025 तक प्रतिदिन बढ़नी से 17.30 बजे खुलकर अगले दिन 01.20 बजे हाजीपुरए 02.15 बजे शाहपुर पटोरीए 03.10 बजे बरौनीए 03.40 बजे बेगुसरायए 05.15 बजे मुंगेरए 06.40 बजे सुलतानगंज सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए 13.00 बजे देवघर पहुंचेगी ।
वापसी मेंए गाड़ी सं. 05027 देवघर.बढ़नी श्रावणी मेला स्पेशल 10.07.2025 से 11.08.2025 तक प्रतिदिन देवघर से 18.45 बजे खुलकर 21.28 बजे सुलतानगंजए 23.15 बजे मुंगेरए अगले दिन 00.08 बजे बेगुसरायए 00.30 बजे बरौनीए 01.30 बजे शाहपुर पटोरीए 02.30 बजे हाजीपुरए 05.00 बजे छपरा एवं 09.30 बजे गोरखपुर सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए 12.30 बजे बढ़नी पहुंचेगी ।
इस स्पेशल में शयनयान श्रेणी के 06 एवं साधारण श्रेणी के 07 कोच एवं एसएलआर के 02 कोच सहित कुल 15 कोच होंगे ।

### दोनों देशों के बीच लंबे समय से इसकी प्रतीक्षा की जा रही

# ट्रंप ने कहा : भारत के साथ बहुत बड़ा व्यापार समझौता होने वाला है

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत के साथ एक ''बहुत बड़ा'' व्यापार समझौता होने वाला है। उन्होंने दोनों देशों के बीच लंबे समय से प्रतीक्षित द्विपक्षीय व्यापार समझौते की वार्ता प्रक्रिया में महत्वपूर्ण प्रगति का संकेत दिया। ट्रंप ने बृहस्पतिवार को व्हाइट हाउस में रिपब्लिकन पार्टी के कर एवं व्यय कटौती विधेयक को पारित करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में कहा, '' हमारे पास कुछ बेहतरीन समझौते हैं। हम एक और समझौता करने जा रहे हैं, संभवतः भारत के साथ। बहुत बड़ा...'' ट्रंप ने कहा, 'चीन समझौते में, हम चीन के लिए द्वार खोलने की शुरुआत कर रहे हैं। ऐसी चीजें जो वास्तव में कभी नहीं हुईं...सभी देशों के साथ संबंध बहुत अच्छे हैं।'' राष्ट्रपति ने हालांकि चीन के साथ हुए समझौते के विवरण के बारे में विस्तार से नहीं बताया। उन्होंने कहा कि हर देश समझौता करना चाहता है और इसका हिस्सा बनना चाहता है। उनके प्रशासन के अधिकारी देशों के साथ समझौते करने के लिए अतिरिक्त मेहनत कर रहे हैं।

■ ट्रंप ने विधेयक पारित करने के एक कार्यक्रम यह बात कही



**दोनों देश अंतरिम समझौते के लिए बात कर रहे**

*ट्रंप का यह बयान ऐसे समय में आया है जब मुख्य वार्ताकार राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में एक भारतीय दल, अमेरिका के साथ अगले दौर की व्यापार वार्ता के लिए बृहस्पतिवार को वाशिंगटन पहुंचा। दोनों देश अंतरिम व्यापार समझौते के लिए बातचीत कर रहे हैं और नौ जुलाई से पहले समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश में हैं।*

### हम हर किसी के साथ समझौता नहीं करने जा रहे

ट्रंप ने कहा, '' याद कीजिए , कुछ महीने पहले, मीडिया कह रहा था, '' क्या वाकई कोई ऐसा (देश) है जो इसमें दिलचस्पी रखता हो? खैर, हमने कल ही चीन के साथ समझौता किया है। हम कुछ बेहतरीन समझौते कर रहे हैं।'' राष्ट्रपति ने कहा, '' हम हर किसी के साथ समझौता नहीं करने जा रहे हैं। कुछ लोगों को हम बस एक पत्र भेजकर कहेंगे कि आपका बहुत-बहुत धन्यवाद... आप 25, 35, 45 प्रतिशत का भुगतान करेंगे।

### भारत ने अब तक दुग्ध क्षेत्र को नहीं खोला

भारत के लिए कृषि और दुग्ध क्षेत्र अमेरिका को शुल्क रियायतें देने के लिए कठिन और चुनौतीपूर्ण क्षेत्र हैं। भारत ने अब तक हस्ताक्षरित किसी भी मुक्त व्यापार समझौते में दुग्ध क्षेत्र को नहीं खोला है। अमेरिका कुछ औद्योगिक वस्तुओं, मोटर वाहन विशेषकर इलेक्ट्रिक वाहनों, वाइन, पेट्रोरसायन उत्पादों, दुग्ध तथा कृषि उत्पादों जैसे सेब, वृक्ष गिरी तथा आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों पर शुल्क रियायत चाहता है।भारत प्रस्तावित व्यापार समझौते में कपड़ा, रत्न एवं आभूषण, चमड़े के सामान, परिधान, प्लास्टिक, रसायन, झींगा, तिलहन, अंगूर और केले जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए शुल्क रियायत की मांग कर रहा है।

### अमेरिका और चीन के बीच व्यापार समझौते पर हुए हस्ताक्षर

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और चीन ने व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। साथ ही उन्हें उम्मीद है कि जल्द ही भारत के साथ भी समझौता हो जाएगा। वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने 'ब्लूमबर्ग टीवी' को बताया कि चीन के साथ इस सप्ताह की शुरुआत में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। ट्रंप और लुटनिक दोनों ने ही समझौते के बारे में कोई विवरण नहीं दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने बृहस्पतिवार देर रात कहा, '' हमने अभी-अभी चीन के साथ इस समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।''

### समझौते पर दो दिन पहले हस्ताक्षर

लुटनिक ने कहा कि इस समझौते पर दो दिन पहले ही ''हस्ताक्षर'' किए गए। उन्होंने कहा, '' राष्ट्रपति को समझौते करने हैं...हम एक के बाद एक समझौते करने जा रहे हैं।'' चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि दोनों पक्षों ने ''समझौते की रूपरेखा के विवरण की पुष्टि की है।'' लेकिन उसके बयान में स्पष्ट रूप से दुर्लभ खनिजों तक अमेरिका की पहुंच का उल्लेख नहीं किया गया है। इसका इस्तेमाल इलेक्ट्रिक वाहनों जैसे उच्च प्रौद्योगिकी वाले उत्पादों में होता है।

# विदेशी पूंजी प्रवाह से सेंसेक्स फिर से 84,000 अंक के पार

### शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन तेजी

एजेंसी ▶▶| मुंबई



■ आईसीआईसीआई बैंक व रिलायंस में निकली खरीदी

विदेशी पूंजी का प्रवाह बढ़ने और आईसीआईसीआई बैंक एवं रिलायंस इंडस्ट्रीज में खरीदारी आने से शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजार लगातार चौथे कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए।

सेंसेक्स 303 अंक चढ़ गया जबकि निफ्टी में 89 अंक की तेजी रही। विश्लेषकों के मुताबिक, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में मजबूती जारी रहने और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी आने से भी निवेशकों का भरोसा बढ़ा।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 303.03 अंक चढ़कर एक बार फिर 84,000 के स्तर के ऊपर 84,058.90 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 88.80 अंक बढ़कर 25,637.80 अंक पर पहुंच गया। साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स में कुल 1,650.73 अंक यानी दो प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई जबकि एनएसई निफ्टी में 525.4 अंक यानी दो प्रतिशत का उछाल आया। बजाज ब्रोकिंग की शेयर बाजार पर जारी टिप्पणी के मुताबिक, /"सेंसेक्स एवं निफ्टी ने मजबूती के साथ साप्ताहिक कारोबार का समापन किया। ईरान-इजराइल युद्धविराम के बाद तनाव घटने और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर उम्मीद से तेजी के इस दौर को समर्थन मिला है।/"

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, पावर ग्रिड, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और सन फार्मा के शेयरों में प्रमुख रूप से तेजी रही।

दूसरी तरफ, ट्रेंट, इटर्नल, एक्सिस बैंक और टाइटन के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए।

### तनाव कम होने से निवेशकों की असमंजस दूर

जियोजीत इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /"पश्चिम एशिया में युद्ध-विराम और समयसीमा से पहले व्यापार तनाव कम होने की उम्मीद ने निवेशकों की असमंजस दूर कर दी है।

**सूचना**

मैं, दिलबाग पुत्र श्री लाष्णु निवासी मकान नंबर-900, अशोक विहार, लाईनपार, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा-124507 बयान करता हूं कि मेरा पुत्र कृष्ण कुमार व पुत्रवधु सोनिया मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज ने आईआईवीआर का दौरा कर कामकाज की समीक्षा की

■ टमाटर की शेल्फ लाइफ बढ़ाने, सूखे पाउडर और एक्सपोर्ट को बढ़ाने वाली फसलों का विकास करने की बात कही

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह ने शुक्रवार को वाराणसी (उत्तर प्रदेश) में भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान (आईआईवीआर) के वैज्ञानिकों, कृषि से जुड़े पदाधिकारियों और कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) के विशेषज्ञों के साथ किसानों की आय बढ़ाने और बेहतर उत्पादन के लिए समीक्षा बैठक की।

सर्किट हाउस में आयोजित समीक्षा बैठक में केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने वैज्ञानिकों को 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' को आगे बढ़ाने और किसानों के साथ संवाद को तीव्र गति देने की बात कही। उन्होंने कहा कि कृषि की दशा ठीक करने के लिए नई वैरायटी, किसानों के इनोवेशन, उन्नत प्रौद्योगिकी और खेतों में किसानों को होने वाली समस्या को दूर करने की दिशा में कार्य करना होगा। केंद्रीय कृषि मंत्री ने सब्जी उत्पादन बढ़ाने के लिए जीनोम एडिटिंग, बीज उपचार, जैविक खेती एवं प्राकृतिक खेती के लाभ को किसानों तक पहुंचाने और नकली खाद, अमानक बीज एवं पेस्टिसाइड जैसी समस्याओं से किसानों को निजात दिलाने के लिए कार्य-योजना बनाये जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि देश में 16 हजार कृषि वैज्ञानिक हैं जो शोध करते हैं और उन्नत क्वॉलिटी के बीज तैयार करते हैं। उन्होंने 'लैब टू लैंड' कार्यक्रम की प्रशंसा की और कहा कि इससे किसानों की जरूरतों के अनुसार शोध किया जा सकता है। केंद्रीय कृषि मंत्री ने टमाटर की शेल्फ लाइफ बढ़ाने, सूखे पाउडर



और एक्सपोर्ट को बढ़ाने वाली फसलों का विकास करने, जैविक और परंपरागत खेती से उत्पादन के वैज्ञानिक तथ्यों पर डेटा जुटाने, जीन एडिटिंग पर तेजी से कार्य करने और 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' से मिले अनुभवों के आधार पर किसान और खेत की आवश्यकता के अनुसार शोध करने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने आईआईवीआर के वैज्ञानिकों से इस अभियान से प्राप्त अनुभवों पर एक ब्रेन स्टॉर्मिंग करके किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए कार्य करने के दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि किसानों द्वारा किए जा रहे नवाचारों के माध्यम से उत्पादन बढ़ाने पर भी जोर देना होगा। केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि देश में कृषि क्षेत्र में उत्पादन बढ़ाने, लागत घटाने, उपज के नुकसान की भरपाई करने, उत्पादन के उचित दाम देने और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने का काम हो रहा है। विभिन्न विभागों, केवीके एवं राज्य के कृषि विभाग के अधिकारियों के बीच बेहतर तालमेल के साथ तत्परता से किसान कल्याण के प्रयास जारी है।\



### मुकेश गुप्ता ने की चिराग पासवान से मुलाकात

**नई दिल्ली।** ग्राफिस एड्स लिमिटेड के चेयरमैन मुकेश गुप्ता ने खाद्य एवं प्रसंस्करण उद्योगमंत्री चिराग पासवान से मुलाकात की और भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में शानदार बदलाव और उनके उत्कृष्ट कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि मंत्री के प्रयास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्योग के लिए दृष्टिकोण के अनुरूप हैं। मुलाकात के दौरान उन्होंने पासवान जी की गतिशीलताए, विनम्रता और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में वृद्धि और इनोवेशंस को बढ़ावा देने में उनके प्रभावशाली नेतृत्व की सराहना की।

**भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खड़गपुर**
**INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY KHARAGPUR**

विज्ञापन संख्या : R/06/2025 दिनांक 12 जून, 2025

संस्थान निम्नलिखित पदों के लिए भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

(i) पेशेवर प्रशिक्षु (पुस्तकालय) – 8 पद

शैक्षिक योग्यता, आयु एवं अद्यतन जानकारी के लिए http://www.iitkgp.ac.in/non-teaching-positions पर जाएं।

ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि : 12-07-2025

CBC 21255/12/0009/2526 कुलसचिव/Registrar

**जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय**
**नई दिल्ली-110067**
**एमबीए प्रवेश अधिसूचना**

अटल बिहारी वाजपेयी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड एंटरप्रेन्योरशिप, जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय नई दिल्ली में एमबीए कार्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया हेतु पंजीकरण के लिए सीएटी 2024 में अपीयर हुए उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन करने के लिए अन्तिम तिथि 15 जुलाई 2025 है। अधिक विवरण के लिए पधारें http://www.jnu.ac.in/abvsme. किसी प्रश्न के लिए jnumba@jnu.ac.in पर ई-मेल करें।

CBC 21284/12/0001/2526

**कार्यालय जिलाधीश, कैथल।**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला के विभिन्न विभागीय कण्डम सामान/वाहनों की ई-ऑक्शन दिनांक 18.07.2025 को की जानी है। जिसके लिए दिनांक 03.07.2025 से 11.07.2025 तक ऑनलाईन आवेदन किया जा सकता है। बोलीदाता बोली की शर्तें व वाहनों की लिस्ट ऑनलाईन देख सकता है। अधिक जानकारी के लिए जिला नाजर कमरा नं. 204 लघु सचिवालय कैथल में सम्पर्क कर सकता है।

हस्ता/-
अतिरिक्त उपायुक्त-कम-चैयरमैन,
कण्डमनेशन बोर्ड, कैथल।

पीआरडीएच-1029/11/608/2026/36040/88/6 दि. 27.06.2025

## राशिफल

**मेष** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहें हैं।

**वृष** कारोबार से आय में वृद्धि होगी। मानसिक तनाव ये परेशान हो सकते हैं। खर्चों की अधिकता एवं आय में कमी से चिन्तित रहेंगे।

**मिथुन** कारोबार में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों में सफलता मिलेगी। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**कर्क** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। कारोबार में सुधार होगा। भाग-दौड़ की अधिकता रहेगी। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी।

**सिंह** सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाणी में सौम्यता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता में कमी भी आ सकती है। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे।

**कन्या** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। खर्च की अधिकता से परेशान हो सकते हैं।

**तुला** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में कमी एवं खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मन में प्रसन्नता के भाव रहेंगे।

**वृश्चिक** कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। वाणी में कठोरता का प्रभाव रहेगा। बातचीत में सन्तुलित रहें।

**धनु** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन कष्टमय रहेगा।

**मकर** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु परिवार में सामन्जस्य बनाये रखने के प्रयास करें। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में वृद्धि होगी।

**कुंभ** परिवार का साथ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाइयां आ सकती हैं। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**मीन** परिश्रम अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। मन में नकारात्मकता का प्रभाव रहेगा। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

### जियो ब्लैकरॉक ब्रोकिंग को 'ब्रोकरेज बिज़नेस' के लिए सेबी की मंजूरी

**मुंबई।** जियो ब्लैकरॉक ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड (जियोब्लैकरॉक ब्रोकिंग) को भारत में ब्रोकरेज फर्म के रूप में काम करने के लिए, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से मंजूरी मिल गई है। जियोब्लैकरॉक ब्रोकिंग, भारतीय निवेशकों के लिए सस्ती, पारदर्शी और प्रौद्योगिकी-संचालित एग्जीक्यूशन कैपेबिलिटी खड़ी करना चाहती है। जियो ब्लैकरॉक इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है जियोब्लैकरॉक ब्रोकिंग। हाल ही में जियो ब्लैकरॉक एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड और जियो ब्लैकरॉक इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स को म्यूचुअल फंड मार्किट में उतरने और निवेश सलाहकार के तौर पर काम शुरू करने की नियामकीय मंजूरियों मिली थी। अब ब्रोकिंग लाइसेंस की प्राप्ति से जियो ब्लैकरॉक संयुक्त उद्यम भारत के लोगों को व्यापक निवेश सॉल्युशनंस दे सकेगा। जियो ब्लैकरॉक इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ मार्क पिलग्रेम ने कहाः श्जियोब्लैकरॉक ब्रोकिंग को सेबी की मंजूरी मिलने से हम बेहद खुश है। अब हम भारत को 'बचतकर्ताओं के देश' से 'निवेशकों के देश' में बदलने में मदद कर पाएंगे। जियोब्लैकरॉक इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स के साथ, हम खुदरा निवेशकों को व्यक्तिगत सलाह दे सकेंगे। ब्रोकरेज बिजनेस के साथ, हम निवेशकों के लिए एक एग्जीक्यूशन प्लेटफॉर्म भी लाएंगे। जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ हितेश सेठिया ने कहाः श्ये हमारे लिए रोमांचक समय है। एक तरफ जियोब्लैकरॉक की एसेट मैनेजमेंट बाजार में म्यूचुअल फंड पेश करने की तैयारी कर रही है, जियोब्लैकरॉक इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स ऑपरेशन शुरू करने जा रही है, तो दूसरी तरफ ब्रोकिंग इकाई की मंजूरी मिलने से हमारी रणनीति में एक नया आयाम जुड़ा है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या: एफ-वैगन-एक्स-वाईरेल-25आर, दिनांक 24.06.2025।** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (वैगन), पूर्व रेलवे, जमालपुर वर्कशॉप, जमालपुर, जिला-मुंगेर, बिहार-811214 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:** रेलवे वर्कशॉप, जमालपुर में डब्ल्यूसीएस-I में ओवरहेड X-Y रेल सिस्टम की आपूर्ति, फेब्रिकेशन, स्थापना (बुनियादी कार्य सहित) एवं शुरुआत। **मात्रा:** 1 अदद। कार्य का स्थान: लोकोमोटिव वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, जमालपुर। **निविदा मूल्य:** ₹ 57,84,266। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** ₹ 0। **बोली शुरू होने की तारीख:** 03.07.2025। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 17.07.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। **पूरा करने की अवधि:** 95 दिन। **प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन। वेबसाइट का विवरण: www.ireps.gov.in।

(MISC-108/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### जियोब्लैकरॉक को ब्रोकरेज कारोबार की मिली मंजूरी

नई दिल्ली। जियो ब्लैकरॉक इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स प्राइवेट लि. की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी जियो ब्लैकरॉक ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड को ब्रोकरेज इकाई के रूप में परिचालन शुरू करने के लिए बाजार नियामक सेबी से मंजूरी मिल गई है।


**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद नारनौल | वार्ड 18 में रतन के मकान से बिशन के मकान तक आईपीबी टाइल्स रोड का निर्माण + 35 कार्य। | 25.06.2025 02.07.2025 | 4.01 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9255126426 eemcnarnaul@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2026/40/36044/I/88/6 दि. 27.06.25

## शब्द पहेली - 5911



**बाएँ से दाए-**


1. जानकारी-4
4. मांसाहार का उलट-4
8. 'जुम्मा चुम्मा दे दे' गीत वाली फिल्म-2
9. कायाकल्प-5
10. पिता के छोटे भाई-2
13. कहानी लिखने वाला-5
15. नाम रखना-5
17. बेवक्त, अकाल-5
20. प्रयास, कोशिश-5
23. टोंटी, नलका-2
24. कामदेव, पुष्कर-2,3
25. डर, भय-4
28. शोर-शराबा-4
29. बेवफा, व्यभिचारी-4

**ऊपर से नीचे**

2. बिंदु, बिंदी, शून्य-2
3. गोलाकार-3
4. सम्मिलित होना-3,2
5. घाटा, नुकसान-2
6. मूर्ख, बेवकूफ-4
7. बिना कारण, बेवजह-4
11. राजा की पत्नी-2
12. वहम, संदेह-2
14. दुर्घटना-3
16. खाना बनाने की जगह, किचन-3
17. एकाएक, सहसा-4
18. अलमस्त-2
19. कमल ककड़ी, कमल डंडी-3,2
20. आरामदायी-5
21. सम्मान-2
22. भलमानसता-4
26. सद्, अच्छा-2
27. मृत्यु, प्रारब्ध, न्याय निर्णय-2

**शब्द पहेली -5910 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | अ | ल | ख | | | | मु | स्का | न | |
| ग | न्ना | | रा | त | की | रा | नी | | बी | च |
| ल | | | ब | ल | | ह | म | | | म |
| त | न | खा | | ना | मि | त | | र | ह | न |
| | र | ज | नी | | त्र | | क | स | म | |
| | क | | ड | ल | | दा | म | | व | |
| | गा | फि | ल | | पा | | ला | न | त | |
| स | मी | र | | सु | रा | ही | | म | न | न |
| म | | | म | म | | न | र | | | र |
| य | क्ष | | हा | ति | म | ता | ई | | आ | म |
| | मा | लि | न | | | | स | ई | स | |



## अहमदाबाद में श्री जगन्नाथ की रथयात्रा उल्लास के साथ शुरू

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

भगवान श्री जगन्नाथ की 148वीं रथयात्रा पारंपरिक उल्लास और धार्मिक श्रद्धा के साथ शुरू हो चुकी है। इस खास मौके पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने श्रीजगन्नाथ मंदिर में मंगला आरती में परिवार समेत हिस्सा लिया और महाप्रभु के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने रथयात्रा की विधिवत शुरुआत की और पारंपरिक पाहिंद विधि का पालन करते हुए भगवान के रथ के सामने सोने की झाड़ू लगाकर यात्रा का शुभारंभ किया।भगवान जगन्नाथ को अहमदाबाद में ओडिशा के पुरी की तरह 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया। यह पहली बार किया गया है।



# भगवान को पहली बार गार्ड ऑफ ऑनर, मंगला आरती में शाह भी पहुंचे

### मुख्यमंत्री पटेल ने रथयात्रा की विधिवत शुरुआत की, पारंपरिक पाहिंद विधि का पालन कर रथ के सामने सोने की झाड़ू लगाई

#### यह दिव्य और अलौकिक अनुभव रहा



शाह ने मंगला आरती के बाद 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा कि रथयात्रा के पावन अवसर पर श्री जगन्नाथ मंदिर, अहमदाबाद की मंगला आरती में शामिल होना अपने आप में दिव्य और अलौकिक अनुभव होता है। महाप्रभु सभी पर अपना आशीर्वाद बनाए रखें। इसके पहले शाह ने देशवासियों को श्री जगन्नाथ रथयात्रा को लेकर शुभकामनाएं दीं।'एक्स' पर लिखा, जय जगन्नाथ! सभी को श्री जगन्नाथ रथयात्रा के पावन उत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं। श्री जगन्नाथ जी की रथयात्रा आस्था और विश्वास का अनूठा संगम है, जो बताती है कि भक्ति, संस्कृति और विरासत को एक साथ सहेजते हुए आगे बढ़ते रहना हमारे मूल में है।

#### आज भगवान भक्त के घर पर जा रहे

फिलहाल नगर नाथ जगन्नाथ शहर के भ्रमण पर निकल चुके हैं। पूरी साल भक्त भगवान के दर पर आते हैं, लेकिन आज का दिन ऐसा होता है जब भगवान भक्त के घर पर जाते हैं। करीब 16 किलोमीटर की ये यात्रा शाम 6 बजे तक संपन्न होगी। मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ है।

## ममता ने दीघा के नवनिर्मित जगन्नाथ मंदिर से निकलने वाले पहली रथ यात्रा की शुरुआत की

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को दीघा के समुद्र तटीय नगर में नवनिर्मित जगन्नाथ मंदिर से निकलने वाले पहले रथ यात्रा की शुरूआत की। 'जय जगन्नाथ' के जयघोष के बीच विदेशियों समेत हजारों श्रद्धालुओं के साथ भगवान जगन्नाथ और उनके भाई बलभद्र और देवी सुभद्रा के रथों की रस्सियांसहयोगियों के साथ मिलकर खींचीं। मुख्यमंत्री ने लाउडस्पीकर के माध्यम से श्रद्धालुओं से अपील की कि वे मुख्य मंदिर से निकलने वाली 750 मीटर लंबी रथयात्रा के दौरान रथों की रस्सियों को वहां लगाए अवरोधकों के पीछे से छू सकते हैं।



**सुनहरी झाड़ू से मार्ग को साफ किया**

*इससे पहले ममता ने दोपहर करीब दो बजे एक सुनहरे झाड़ू से तीन रथों के मार्ग को साफ़ किया और देवताओं की आरती भी उतारी। उन्होंने इस्कॉन से जुड़े विदेशी भक्तों के बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम को भी देखा।*

मालवीय का ममता पर आरोप

### वे उकसावे का काम कर रहीं

भाजपा नेता अमित मालवीय नेआरोप लगाया कि ममता बेखौफ हिंदू भावनाओं को कुचल रही हैं! मुर्शिदाबाद के सुती 1 ब्लॉक में मिठाई की दुकानों और राशन डीलरों को कथित तौर पर गाजा और पेरा की तैयारी और वितरण का काम सौंपा गया है।

रथ यात्रा में उमड़ा भक्तों का सैलाब

### साय ने की विश्व शांति की कामना

**रायपुर।** रथ यात्रा पर छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णु देव साय ने कहा कि मैं सभी लोगों को बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। मैं भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा से विश्व शांति की कामना करता हूं।

---

## खबर संक्षेप

### रेखा ने नरेला में डीटीसी डिपो का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली।** सीएम रेखा गुप्ता ने शनरेला के सेक्टर ए-9 में नए डीटीसी बस डिपो का उद्घाटन किया। उन्होंने 100 से ज्यादा नई इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये बसें दिल्ली इलेक्ट्रिक व्हीकल इंटरचेंज (देवी) योजना के तहत चलाई जाएंगी। यह पहल दिल्ली में स्वच्छ और टिकाऊ सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने को की गई है।



### विधायक कश्मीर सिंह सोहल का निधन

**तरन तारन।** पंजाब की तरन तारन विधानसभा सीट के विधायक कश्मीर सिंह सोहल का निधन हो गया है। वे कैंसर से पीड़ित थे और अमृतसर के ही एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। गंभीर बीमारी से लंबी लड़ाई के बाद शुक्रवार को जिंदगी की जंग हार गए। उनका 66 की उम्र में निधन हुआ है। हाल ही में आप ने लुधियाना पश्चिम सीट जीती थी।



### जगन मोहन रेड्डी पर कार्रवाई पर लगी रोक

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने एक रोड शो के दौरान युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के एक समर्थक की मौत के मामले में पार्टी प्रमुख वाईएस जगन मोहन रेड्डी के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई पर शुक्रवार को एक जुलाई तक के लिए रोक लगा दी। उच्च न्यायालय ने मामले के अन्य आरोपियों-वाईएसआरसीपी के रास सदस्य वाईवी सुब्बा रेड्डी और पूर्व मंत्री अंबाती रामबाबू तथा वी रजनी को भी यही राहत प्रदान की। रेड्डी 18 जून को पलनाडु जिले के रेन्टापल्ला गांव पहुंचे थे।

### गैंगस्टर मंजीत के भांजे पर बरसाईं गोलियां

**नई दिल्ली।** यहां के बवाना इलाके में शुक्रवार सुबह एक शख्स की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान दीपक (43) के रूप में हुई है, जो गैंगस्टर मंजीत महाल का भांजा था। बाइक सवार अज्ञात लोगों ने दीपक पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं। इस दौरान दीपक की बेटी भी उसके साथ थी, जो घायल हुई है। पुलिस को गैंगवार की आशंका है।



### आसाराम की जमानत 7 जुलाई तक बढ़ी

**अहमदाबाद।** गुजरात हाई कोर्ट ने रेप केस मामले में आसाराम को बड़ी राहत दी। उसकी अस्थायी जमानत को 7 जुलाई तक बढ़ा दिया। इस मामले में वह आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। जस्टिस इलेश वोरा और संदीप भट्ट की खंडपीठ ने सुनवाई के दौरान आसाराम की अस्थायी जमानत कोबढ़ा दिया, जो 30 जून को समाप्त हो रही है।



---

आरोप-प्रत्यारोप: संघ के बयान पर राहुल गांधी और लालू यादव ने की टिप्पणी

# संविधान में 'समाजवादी' व 'धर्मनिरपेक्ष' शब्दों की समीक्षा को लेकर सियासत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संविधान की प्रस्तावना में 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्दों को लेकर देश की राजनीति एक बार फिर गरमा गई है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से भाजपा पर बार-बार संविधान बदलने का आरोप लगाने के बीच ऐतिहासिक तथ्य साबित करते हैं कि खुद उनकी पार्टी ने अपनी सुविधा और राजनीतिक स्वार्थ के लिए संविधान में सबसे ज्यादा बदलाव किए हैं। वहीं संघ के महासचिव दत्तात्रेय होसबाले ने आपातकाल को लेकर हुए एक कार्यक्रम में कांग्रेस को आईना दिखाने कहा था कि 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' ये दोनों शब्द मूल संविधान का हिस्सा नहीं थे, बल्कि आपातकाल के दौरान इंदिरा सरकार ने इन्हें जोड़ा। दत्तात्रेय के बयान के बाद संविधान की प्रस्तावना में 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्दों की समीक्षा पर फिर से बहस शुरू हो गई है। समीक्षा की मांग ने एक बार फिर भारतीय राजनीति में विचारधारा और लोकतंत्र की बहस को केंद्र में ला दिया है। आरएसएस इसे सार्वजनिक विमर्श का विषय मानता है और आने वाले दिनों में संसद में भी चर्चा में होने की संभावना है।

#### क्या कहा था संघ सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने



आपातकाल पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आरएसएस सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा था, "बाबासाहेब आंबेडकर ने जो संविधान बनाया, उसकी प्रस्तावना में ये शब्द कभी नहीं थे। आपातकाल के दौरान जब मौलिक अधिकार निलंबित कर दिए गए, संसद काम नहीं कर रही थी, न्यायपालिका पंगु हो गई थी, तब ये शब्द जोड़े गए।" उन्होंने कहा था कि इस मुद्दे पर बाद में चर्चा हुई लेकिन प्रस्तावना से उन्हें हटाने का कोई प्रयास नहीं किया गया। होसबोले ने कहा, "इसलिए उन्हें प्रस्तावना में रहना चाहिए या नहीं, इस पर विचार किया जाना चाहिए।"

#### कब और कैसे जुड़े 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द?

- 26 जनवरी 1950 को जब संविधान लागू हुआ, तब इसकी प्रस्तावना में 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द नहीं थे।
- 1976 में इंदिरा गांधी सरकार ने आपातकाल के दौरान 42वें संविधान संशोधन के जरिए इन दोनों शब्दों को प्रस्तावना में जोड़ा।
- संशोधन के समय देश में आपातकाल लगा था, मौलिक अधिकार निलंबित थे और संसद व न्यायपालिका की स्वतंत्रता सीमित थी।

#### संविधान की मूल भावना बहाली को समीक्षा हो: ऑर्गनाइजर

**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से संबद्ध एक पत्रिका में शुक्रवार को प्रकाशित एक लेख में कहा गया है कि सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले द्वारा संविधान की प्रस्तावना में 'समाजवादी' और 'पंथनिरपेक्ष' शब्दों की समीक्षा करने का आह्वान, इसे तहस-नहस करने के लिए नहीं है, बल्कि आपातकाल के दौर की नीतियों की विकृतियों से मुक्त होकर इसकी "मूल भावना" को बहाल करने के बारे में है। इस मुद्दे पर संविधान सभा में हुई बहस का हवाला देते हुए, लेख में कहा गया है कि होसबाले का आह्वान भीम राव आंबेडकर और संविधान सभा द्वारा समर्थित लोकतांत्रिक सिद्धांतों से मेल खाता है, जिसने 1948 में भारत को "पंथनिरपेक्ष, संघीय, समाजवादी राज्यों के संघ" के रूप में वर्णित करने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया था। 'ऑर्गनाइजर' पत्रिका की वेबसाइट पर प्रकाशित लेख में कहा गया है, "उनका 42वां संशोधन एक राजनीतिक पैंतरेबाजी थी, न कि संविधान सभा की विचार-विमर्श प्रक्रिया का प्रतिबिंब। इसके विपरीत, सरकार्यवाह (होसबाले) की टिप्पणी संविधान को आंबेडकर के लोकतांत्रिक ढांचे के दृष्टिकोण के अनुरूप करने के लिए एक खुली बातचीत की मांग करती है।"

#### कांग्रेस नेता बोले- आरएसएस का नकाब फिर उतरा, उसे संविधान नहीं, मनुस्मृति चाहिए

**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने संविधान की प्रस्तावना में "समाजवादी" और "धर्मनिरपेक्ष" शब्दों की समीक्षा करने संबंधी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले के बयान को लेकर शुक्रवार को आरोप लगाया कि आरएसएस का नकाब फिर से उतर गया है तथा उसे संविधान नहीं, मनुस्मृति चाहिए। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "आरएसएस का नक़ाब फिर से उतर गया। संविधान इन्हें चुभता है क्योंकि वो समानता, धर्मनिरपेक्षता और न्याय की बात करता है।" उन्होंने आरोप लगाया, "आरएसएस-भाजपा को संविधान नहीं, मनुस्मृति चाहिए। ये बहुजनों और गरीबों से उनके अधिकार छीनकर उन्हें दोबारा गुलाम बनाना चाहते हैं। संविधान जैसा ताक़तवर हथियार उनसे छीनना इनका असली एजेंडा है।"



#### राजद ने संघ की आलोचना की

**पटना (भाषा)।** राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने शुक्रवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के महासचिव दत्तात्रेय होसबाले की आलोचना की जिन्होंने सुझाव दिया था कि संविधान की प्रस्तावना से 'धर्मनिरपेक्ष' और 'समाजवादी' शब्दों को हटा दिया जाना चाहिए। सामाजिक न्याय और सांप्रदायिक सद्भाव को अपना मार्गदर्शक सिद्धांत बताने वाले बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में आरएसएस को "जातिवादी" संगठन बताया। राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष ने 'एक्स' पर एक समाचार पत्र की खबर साझा की, जिसमें आरएसएस के सरकार्यवाह होसबाले ने इन दो शब्दों को हटाने की वकालत की थी क्योंकि इन्हें "आपातकाल के दौरान इंदिरा गांधी सरकार द्वारा प्रस्तावना में जोड़ा गया था।



## आपातकाल में छोड़े गए अधिकारों के कारण मछुआरों को पकड़ता श्रीलंका



जयशंकर ने आपातकाल की 50वीं बरसी पर आयोजित कार्यक्रम को किया संबोधित

नई दिल्ली (भाषा) विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि श्रीलंका द्वारा भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार करने का मुद्दा आपातकाल के दौरान हुए एक समझौते से उपजा है, जिसके तहत कुछ विशिष्ट क्षेत्रों में मछली पकड़ने के अधिकार भारत ने छोड़ दिए थे। जयशंकर ने आपातकाल की 50वीं बरसी पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के युवा मोर्चा द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि यदि उस समय वास्तविक संसद काम कर रही होती तो श्रीलंका के साथ यह समझौता नहीं होता। उन्होंने कहा कि उस समय कभी-कभी बिना किसी संसदीय चर्चा के बड़े फैसले ले लिए जाते थे। विदेश मंत्री ने कहा कि हम श्रीलंका द्वारा हमारे मछुआरों को गिरफ्तार किए जाने के बारे में सुनते रहते हैं। इसका कारण यह है कि आपातकाल के दौरान एक समझौता किया गया था, जिसके तहत श्रीलंका के कुछ समुद्री क्षेत्र में मछली पकड़ने के मछुआरों के अधिकार को छोड़ दिया गया था।

### *दिल्ली विस आपातकाल की 50वीं बरसी पर संगोष्ठी का आयोजन करेगी*

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली विस आपातकाल लागू होने की 50वीं बरसी पर विधानसभा परिसर में विशेष संगोष्ठी का आयोजन करेगी। अधिकारियों ने जानकारी दी। 'संविधान हत्या दिवस' के बैनर तले 'भारतीय लोकतंत्र और संविधान का सबसे अंधकारमय दौर : न भूलें, न क्षमा करें' शीर्षक वाला कार्यक्रम शनिवार को आयोजित किया जाएगा। संगोष्ठी को केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जितेंद्र सिंह और पूर्व केंद्रीय मंत्री सत्यनारायण जटिया सहित अन्य लोग संबोधित करेंगे। दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने इस बात पर जोर दिया कि यह संगोष्ठी न केवल आपातकाल का विरोध करने वालों को समर्पित है, बल्कि युवा पीढ़ी को सतर्क रहने, लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने और यह सुनिश्चित करने का संदेश भी देती है कि ऐसा 'काला अध्याय' कभी दोहराया न जाए।

---

## भाजपा ने तीन राज्यों में संगठन चुनावों की निगरानी के लिए 'राज्य चुनाव अधिकारी' नियुक्त किए

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को महाराष्ट्र, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल में अपने संगठनात्मक चुनावों की देखरेख के लिए 'राज्य चुनाव अधिकारियों' की नियुक्ति की। केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू और हर्ष मल्होत्रा तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद को क्रमशः महाराष्ट्र, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल के लिए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी संगठन चुनावों के लिए राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी के. लक्ष्मण ने एक बयान में कहा कि तीनों सांसद इन राज्यों के अध्यक्षों और राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों के चुनावों के लिए केंद्रीय प्रभारी होंगे। इस नियुक्ति से पार्टी में संगठन के चुनावों के लिए पहले से जारी कवायद को पूरा करने के वास्ते एक नई गति मिलने की संभावना है, जो मौजूदा अध्यक्ष जे पी नड्डा की जगह एक नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के साथ समाप्त होगी। सत्तारूढ़ भाजपा के पास कुल 37 संगठनात्मक राज्य हैं और राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की आधिकारिक प्रक्रिया शुरू होने से पहले कम से कम 19 में संगठन की चुनावी प्रक्रिया पूरी होनी चाहिए। अब तक, उनमें से 14 में यह प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।

- पार्टी संगठन चुनावों के लिए राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी के. लक्ष्मण ने दी जानकारी

बिहार विधानसभा चुनाव

## महागठबंधन में कोई विवाद नहीं, सीएम पद के लिए तेजस्वी प्रमुख चेहरा : कन्हैया

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने कहा कि बिहार में 'महागठबंधन' की तरफ से मुख्यमंत्री पद के लिए तेजस्वी यादव के प्रमुख चेहरा होने को लेकर कोई असमंजस और विवाद नहीं है, क्योंकि विधानसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन के जीतने पर सबसे बड़े घटक दल के रूप में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) का नेता ही स्वाभाविक रूप से मुख्यमंत्री होगा। उन्होंने समाचार एजेंसी को दिए साक्षात्कार में यह भी कहा कि चुनाव में मुद्दे महत्वपूर्ण हैं, लेकिन एक 'साजिश' के तहत इनसे ध्यान भटकाने के लिए बार-बार चेहरे की बात की जा रही है। कुमार का यह भी कहना था कि अगर पार्टी उन्हें बिहार विस चुनाव लड़ने के लिए कहेगी तो वह जरूर लड़ेंगे।

'इंडिया' गठबंधन नेता-बोले

### बिहार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का विरोध किया जाएगा

**पटना (भाषा)।** बिहार में विपक्षी 'इंडियन नेशनल डेवलेपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) गठबंधन ने राज्य विस चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में गहन पुनरीक्षण के प्रस्ताव का शुक्रवार को कड़ा विरोध किया। यहां संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में राजद नेता तेजस्वी यादव, कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा और भाकपा (माले) के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य सहित अन्य नेताओं ने कहा कि बिहार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का विरोध किया जाएगा।



## केंद्र रोजगार की तलाश में विदेश गए युवाओं को वापस लाए: कांग्रेस



नई दिल्ली(ब्यूरो)। कांग्रेस ने रोजगार की तलाश में विदेश गए भारतीय युवाओं को रूस द्वारा जबरन युद्ध में भेजे जाने और उनके लापता होने का मुद्दा उठाते हुए मोदी सरकार से उन्हें सुरक्षित वापस लाने की मांग की है। कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन में पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने रूस से लापता हुए पंजाब निवासी मंदीप और उत्तर प्रदेश निवासी योगेंद्र यादव के परिजनों के साथ पत्रकार वार्ता करते हुए कहा कि मोदी सरकार इस गंभीर मुद्दे पर आंखें मूंदे हुए है। उन्होंने बताया कि रूस में लापता हुए 14 भारतीय नागरिकों में से नौ उत्तर प्रदेश, तीन पंजाब, और एक-एक महाराष्ट्र व जम्मू-कश्मीर से हैं। अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने कहा कि दिसंबर 2023 में करीब 126 भारतीय युवा एजेंटों के माध्यम से काम की तलाश में विदेश गए थे। वे सिंगापुर, मलेशिया या इटली जाना चाहते थे, लेकिन धोखे से उन्हें रूस के मॉस्को ले जाया गया। वहां रूस की सरकार ने उन्हें सेना में भर्ती कर लिया। इन युवाओं को सिर्फ 15 दिन की ट्रेनिंग के बाद मशीन गन पकड़ा दी गई।

महाराष्ट्र में भाषा विवाद से 'नजदीकी' बढ़ी

## हिंदी के विरोध में साथ आए उद्धव-राज, जनांदोलन होगा



एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में सियासी उबाल है और उबाल की वजह है भाषा विवाद। महाराष्ट्र सरकार ने हाल ही में आदेश जारी किया था, जिसमें मराठी और अंग्रेजी भाषा के स्कूलों में कक्षा एक से पांच तक तीसरी भाषा के रूप में हिंदी पढ़ाए जाने को अनिवार्य करने की बात थी। इस त्रिभाषा आदेश के खिलाफ राजनीतिक दलों ने मोर्चा खोल दिया है। शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) के प्रमुख राज ठाकरे ने इस फॉर्मूले को सिरे से खारिज कर दिया है। राज ठाकरे से मुलाकात कर महाराष्ट्र के शिक्षा मंत्री दादा भुसे ने इस विषय पर विस्तार से चर्चा भी की, लेकिन एमएनएस प्रमुख संतुष्ट नहीं हुए। राज ने त्रिभाषा फॉर्मूले के खिलाफ जनांदोलन का ऐलान कर दिया है। राज ने 5 जुलाई को गिरगांव चौपाटी से त्रिभाषा फॉर्मूले के विरोध में मार्च का ऐलान करते हुए कहा है कि इसमें कोई राजनीतिक बैनर नहीं होगा।

#### महाराष्ट्र में हिंदी नहीं थोपी जा सकती

उन्होंने यह भी कहा है कि देखना चाहता हूं कि कौन कौन मार्च में शामिल होता है? राज को इस मुद्दे पर उद्धव का भी साथ मिल गया है। राज को अपने चचेरे भाई उद्धव का भी साथ मिल गया है। उद्धव ने हिंदी भाषा को अनिवार्य किए जाने के खिलाफ आंदोलन को पूर्ण समर्थन का ऐलान कर दिया है। उन्होंने कहा है कि पूरी पार्टी उनके (राज ठाकरे के) समर्थन में खड़ी रहेगी। उद्धव ने इसे भाषाई आपातकाल बताते हुए मराठी लोगों से सभी राजनीतिक मतभेद भुलाकर एकजुट होने, उद्योग और खेल जगत की बड़ी हस्तियों से भी इसमें शामिल होने की अपील की है। उन्होंने यह भी कहा है कि कोई चाहे जितनी भी कोशिश कर ले, महाराष्ट्र में हिंदी थोपी नहीं जा सकती। राज और उद्धव दोनों ने इस मुद्दे पर आक्रामक रुख अपना लिया है तो उसके पीछे भी उनका अपना सियासी गणित है।

### हिंदी विरोधी नहीं हैं महाराष्ट्र के लोग, प्राथमिक छात्रों पर भाषा थोपना सही नहीं: शरद पवार

**कोल्हापुर (भाषा)।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) के अध्यक्ष शरद पवार ने शुक्रवार को कहा कि महाराष्ट्र के लोग हिंदी विरोधी नहीं हैं, लेकिन पहली कक्षा से चौथी तक के विद्यार्थियों पर यह भाषा थोपना उचित नहीं है। पवार ने कहा कि देश की 55 प्रतिशत आबादी हिंदी बोलती है और इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। पवार (80) की यह टिप्पणी महाराष्ट्र में भाषा विवाद के बीच आई है, जो पिछले सप्ताह राज्य सरकार द्वारा एक संशोधित आदेश जारी करने के बाद शुरू हुआ था। इसमें कहा गया था कि हिंदी को आम तौर पर कक्षा एक से पांच तक मराठी और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में छात्रों को तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाया जाएगा।



---

बॉम्बे हाई कोर्ट से एक मां ने लगाई गुहार

# मेरा बेटा तो नहीं रहा, कम से कम स्पर्म ही दे दें

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉम्बे हाई कोर्ट ने एक अंतरिम आदेश में मुंबई के एक प्रजनन केंद्र को निर्देश दिया है कि वह एक मृत अविवाहित व्यक्ति के स्पर्म को तब तक सुरक्षित रखे, जब तक कि उसकी मां की याचिका पर सुनवाई पूरी न हो जाए। मृतक व्यक्ति की मां अपने वंश को आगे बढ़ाने के लिए अपने बेटे के वीर्य को उपयोग में लाना चाहती है लेकिन प्रजनन केंद्र ने अपने पास रखे मृत व्यक्ति के वीर्य को उसकी मां को देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद महिला ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

### कोर्ट : जब तक पूरी न हो सुनवाई, मृतक का स्पर्म रखें सुरक्षित




#### हाई कोर्ट ने अधिनियम का दिया हवाला

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि इस बीच अंतरिम निर्देश के रूप में, प्रजनन केंद्र को याचिका के लंबित रहने के दौरान मृतक के वीर्य को सुरक्षित रखने का निर्देश दिया जाता है। पीठ ने कहा कि याचिका सहायक प्रजनन तकनीक (विनियमन) अधिनियम, 2021 के प्रावधानों के तहत किसी व्यक्ति की मृत्यु के बाद उसके वीर्य को सुरक्षित रखने के तरीके के संबंध में महत्वपूर्ण सवाल उठाती है।

#### फरवरी में युवक की मौत

अदालत ने बताया कि वर्तमान मामले में फरवरी में अपनी मृत्यु के समय व्यक्ति अविवाहित था। महिला ने अपनी याचिका में दलील दी कि उनके बेटे ने परिवार के सदस्यों से परामर्श किये बिना अपने सहमति पत्र में यह रजामंदी दे दी कि अगर उसकी मृत्यु हो जाती है तो उसके सुरक्षित रखे वीर्य को फेंक दिया जाए।

#### कीमोथेरेपी के दौरान वीर्य को सुरक्षित रखने का विकल्प चुना

व्यक्ति ने अपने सहमति पत्र में आग्रह किया था कि उसकी मृत्यु के बाद वीर्य को फेंक दिया जाए। व्यक्ति ने कैंसर के इलाज के तहत कीमोथेरेपी कराने के दौरान अपने वीर्य को सुरक्षित रखने का विकल्प चुना था। मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस मनीष पितले की पीठ ने 25 जून को कहा कि यदि मृतक के वीर्य को याचिका की सुनवाई होने तक सुरक्षित नहीं रखा जाता है तो यह याचिका निरर्थक हो जाएगी। अदालत ने याचिका की अगली सुनवाई 30 जुलाई के लिए निर्धारित की है।

## चिंतन

# संविधान में समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष तत्व पहले से ही

संविधान की प्रस्तावना में वर्ष 1976 में आपातकाल के दौरान 42वें संशोधन के जरिये जोड़े गए शब्द 'समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष' को लेकर एक बार फिर से बहस गर्म है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के महासचिव दत्तात्रेय होसबोले ने एक बार फिर से संघ राग छेड़ा है कि चूंकि आपातकाल के दौरान संविधान संशोधन के जरिये समाजवादी व धर्मनिरपेक्ष शब्द जोड़े गए हैं, इसलिए मूल प्रस्तावना में ये शब्द प्रासंगिक हैं या नहीं, इस पर सार्वजनिक बहस होनी चाहिए। इसके बाद से देश में विपक्ष की ओर से सियासत तेज है और कांग्रेस समेत दूसरे विपक्षी दल के नेता संघ पर हमलावर हैं। राजनीति अपनी जगह है, लेकिन संविधान की मूल प्रस्तावना से समाजवादी व धर्मनिरपेक्ष शब्द को हटाने को लेकर बार-बार मांग के पीछे की सोच भारतीय दृष्टिकोण की द्योतक नहीं है, वर्ष 2025 में ऐसी बहस ही प्रासंगिक नहीं है। भारत संस्कृति और प्रकृति से समावेशी और समाजवादी है। भारतीय सनातन चिंतन में गहरे रूप से समाजवाद की अवधारणा सभी एक समान हैं, सर्वे भवन्तु सुखिनः और वसुधैव कुटुंबकम् के रूप में निहित है। संविधान के मूल अधिकारों में सबके समान अधिकारों, सामाजिक व आर्थिक समानता व जनकल्याण की बात वर्णित हैं। संविधान में जोड़े गए शब्द समाजवादी का तात्पर्य उस समय राष्ट्रीयकरण अथवा साम्यवाद से नहीं था। संविधान वास्तव में कल्याणकारी राज्य के प्रति राज्य (देश) की प्रतिबद्धता और समान अवसर की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यही बात समाजवादी शब्द के भाव में भी निरूपित है। इसी तरह धर्मनिरपेक्ष शब्द तो संविधान की आत्मा में पहले से ही है। इसको संविधान के अनुच्छेद 25 से 28 में देश के सभी नागरिकों को धार्मिक स्वतंत्रता, पूजा अर्चना और धर्म के पालन की स्वाधीनता के जरिए व्यक्त किया गया है। प्रस्तावना में धर्मनिरपेक्ष शब्द को जोड़ कर इस विचारधारा को मजबूत किया गया था। भारत कभी धर्मप्रधान देश रहा ही नहीं है, समावेशी संस्कृति प्रधान देश रहा है। सुप्रीम कोर्ट भी कह चुका है कि हिंदुत्व जीवनशैली है और इसकी मूल प्रकृति समाजवादी व धर्मनिरपेक्षता ही है। केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य और एसआर बोम्मई बनाम भारत संघ मामलों में सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि धर्मनिरपेक्षता वास्तव में संविधान की एक बुनियादी विशेषता है। डा. भीमराव आंबेडकर लिखित संविधान के दर्शन में पहले से ही समाजवादी और धर्मनिरपेक्षता का स्पष्ट उल्लेख हुए बिना न्याय, समानता, स्वाधीनता और भाईचारे का विचार निहित है। इन दोनों शब्द के जुड़ने के बाद से संविधान की भावना के दुरूपयोग की संभावना खत्म हो जाती है। आपातकाल में यह शब्द जोड़े गए, केवल इसी आधार पर इस पर सार्वजनिक बहस की मांग का कोई औचित्य नहीं है। आपातकाल देश के लिए काला दिन था और वह हमेशा रहेगा। राष्ट्र दुबारा ऐसी स्थिति में न पहुंचे, इसलिए इसे याद रखना जरूरी है। वर्ष 2020 में सुप्रीम कोर्ट ने समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों को हटाने संबंधी याचिकाओं को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि लगभग 44 वर्षों के बाद इस संविधान संशोधन को चुनौती देने का कोई वैध कारण या औचित्य नहीं है। इन दोनों शब्दों ने देश में व्यापक स्वीकृति प्राप्त कर ली है और इनके अर्थ हम भारत के लोग बिना किसी संदेह के समझते हैं। अनुच्छेद 368 संविधान में संशोधन की अनुमति देता है; संशोधन की शक्ति संसद के पास है, इसलिए हमें किसी भी तरह के संशोधन को संसद के विवेक पर छोड़ देना चाहिए।

## सियासत

बाल मुकुन्द ओझा



# देश में तीसरे मोर्चे की सुगबुगाहट शुरू

देश में तीसरे मोर्चे की सुगबुगाहट एक बार फिर शुरू हो गई है। गैर कांग्रेस और गैर भाजपा मोर्चे की पैरवी करते हुए कुछ नेताओं को तीसरे मोर्चे की याद सताने लगी है। विशेषकर आम आदमी पार्टी, नगीना से सांसद चंद्रशेखर रावण की आज़ाद समाज पार्टी, स्वामी प्रसाद मौर्य का लोक मोर्चा और इंडियन नेशनल लोकदल जैसी राजनीतिक पार्टियों ने मौजूदा स्थितियों में तीसरे मोर्चे की वकालत की है। आम आदमी पार्टी ने इंडिया ब्लॉक से अलग होकर तीसरे मोर्चे की पहल की है। दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने तीसरे मोर्चे के गठन की जरूरत के संकेत दिए हैं। आतिशी ने हाल ही में बयान दिया कि विपक्ष को अब कांग्रेस से हटकर विकल्प तलाशने की जरूरत है। इस बयान ने विपक्ष के भीतर तीसरे मोर्चे की संभावना को नया बल दे दिया है। एनडीए और इंडिया गठबंधन से दूरी बनाकर चल रही निर्गुट पार्टियां अपना वजूद बनाये रखने के लिए जी-तोड़ प्रयास में जुटी हैं। कुछ क्षेत्रीय क्षत्रप भी तीसरे मोर्चे के गठन में अपनी रुचि दिखा रहे है। देश में वर्तमान में एनडीए और इंडिया नाम से दो सियासी मोर्चे वजूद में हैं। केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सत्तारूढ़ है। जहां तक राज्यों की बात है, उत्तर भारत के हिंदी भाषी राज्यों में जहां एनडीए सत्ता पर काबिज है वहीं दक्षिण के राज्यों में इंडिया गठबंधन सत्तारूढ़ है। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छतीसगढ़, हरियाणा, गुजरात, राजस्थान, बिहार, महाराष्ट्र, असम, त्रिपुरा, आंध्रा और दिल्ली आदि राज्यों में एनडीए या यूं कहे भगवा दल का परचम फहरा रहा है। इंडिया गठबंधन की बात करें तो कर्नाटक, हिमाचल, तेलंगाना, तमिलनाडू, केरल, बंगाल में इंडिया काबिज है।

हालांकि इंडिया में रहने के बावजूद बंगाल में टीएमसी और केरल में कम्युनिष्ट अपने बलबूते पर राज कर रहे हैं। पंजाब में राज करने वाली आम आदमी पार्टी इंडिया गठबंधन से अलग होकर अब तीसरे मोर्चे की कवायद कर रही है। देश में बहुत सी ऐसी पार्टियां भी हैं जो दोनों प्रमुख मोर्चों में शामिल नहीं होकर स्वतंत्र रूप से कार्य कर रही हैं। ये पार्टियां अपने-अपने राज्यों में सत्तारूढ़ रह चुकी है और अब स्वतंत्र रूप से अपनी गतिविधियों को अंजाम दे रही हैं। इनमें यूपी में बहुजन समाज पार्टी, पंजाब में अकाली दल, हरियाणा में इंडियन नेशनल लोकदल, आंध्रा में जगन मोहन रेड्डी की पार्टी, राजस्थान में हनुमान बेनीवाल की रालोपा, तेलंगाना में केसीआर की पार्टी, उड़ीसा में बीजू जनता दल शामिल हैं। इन्हें हम निर्गुट पार्टियां भी कह सकते हैं। एक बहुजन समाज पार्टी है जिसने अकेले चलो का नारा बुलंद किया है, मगर तीसरा मोर्चा बनाने की कोई पहल नहीं की है। तेलंगाना में सत्ता गंवाने वाली क्षेत्रीय पार्टी बीआरएस के नेता के.चंद्रशेखर राव ने कभी तीसरा मोर्चा बनाने की वकालत जोर-शोर से की थी, मगर करारी हार के बाद वे भी अब अलग-थलग पड़े हैं। एनडीए और इंडिया गठबंधन से दूरी बनाकर चल रही निर्गुट पार्टियां अपना वजूद बनाये रखने के लिए प्रयासरत हैं। निर्गुट पार्टियों में से एक बसपा सुप्रीमो मायावती का कहना है कि सियासी पार्टियां उनकी पार्टी के बारे में कोई बेवजह बयानबाजी न करें। पता नहीं भविष्य में कब किसको किसी की जरूरत पड़ जाये, तब उन्हें किसी शर्मिंदगी का सामना नहीं करना पड़े। देश की लगभग 62 राजनीतिक पार्टियों ने दोनों गठबंधनों में शिरकत की है। इनमें 26 पार्टियां इंडिया और 36 पार्टियां एनडीए के झंडे के नीचे हैं। देश में एनडीए और इंडिया गठबंधन के अलावा एक दर्जन ऐसी पार्टियां हैं जिनका लगभग एक सौ लोकसभा सीटों पर खासा दबदबा है। ये पार्टिया किसी गुट विशेष में नहीं हैं और स्वयं की अलग पहचान बनाये हुए हैं। उड़ीसा में बीजू जनता दल, आंध्रा में वाईएसआर कांग्रेस और तेलंगाना में बीआरएस विधान सभा चुनाव हारकर सत्ताच्युत हो चुकी है। निर्गुट पार्टियां किसी गठबंधन में नहीं है मगर अपने अपने राज्य में इनका दबदबा है। विशेष रूप से उड़ीसा, आंध्र और तेलंगाना की पार्टियां इनमें शामिल है। अन्य प्रदेशों की निर्गुट पार्टिया भी कभी न कभी सत्ता पर काबिज रही है। अकाली दल और इनेलो के नेता मुख्यमंत्री के पद पर रहे है। इनमें कई पार्टिया कभी एनडीए की सहयोगी रही है। हाल ही पंजाब और गुजरात में विधानसभा उप चुनाव जीतने के बाद उसका हौसला बुलंद है। आप, ईनेलो, टीएमसी, बीजू जनता दल, केसीआर और जगन रेड्डी की पार्टियां, वामपंथी पार्टियां,अकाली दल और बहुजन समाज पार्टी को मिलाकर तीसरा मोर्चा बनाया जा सकता है। आप नेता अरविन्द केजरीवाल प्रयास करें तो तीसरा मोर्चा वजूद में आ सकता है। उन्हीं की पार्टी की नेता आतिशी ने इसके संकेत भी दे दिए हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## विश्लेषण

प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

# भारत में सहकारिता का अमृतकाल

सहकारिता समितियों को उनकी क्षमता का अहसास कराने में मदद करने के लिए ढांचागत निर्माण सहकारिता मंत्री अमित शाह ने जब से शुरू किया है, सहकारी क्षेत्र में कार्यरत लोगों में अत्यधिक उत्साह देखने को मिल रहा है। अमित शाह का यह स्वप्न लम्बे समय से था कि हम भारत में सहकारिता क्षेत्र का भरपूर विकास करके उन लोगों को विकास की मुख्य धारा में सम्मिलित करें जो अभी भी किन्हीं कारणों से विकास की धारा से वंचित रहे हैं। सहकारिता के सिद्धांत दरअसल सबकी उन्नति व सबके विकास में विश्वास करता है। सहकारिता मंत्रालय अपने सात सार्वभौमिक रूप से स्वीकृत सहकारिता सिद्धांतों का पालन करते हुए भारत की जन-स्थिति में सुधार की पहल कर रहा है।

भारत का यह अमृतकाल है। इस काल की अर्जित उपलब्धियां आने वाले समय में भारतीय जनता को गर्व से भर देंगी। अमृत काल जीवंत भारत हेतु सहकार से समृद्धि की यात्रा है। भारत में सहकारिता आंदोलन आज़ादी से भी पहले जारी था। ऐसा मानते हैं कि यह सहकारिता आन्दोलन सवा सौ साल पुराना है। भारत में नरेंद्र मोदी सरकार आने के बाद इसका विशेष मंत्रालय बना, जिसका मुख्य जनादेश 'सहयोग से समृद्धि' की दृष्टि को साकार करना है।

देश में सहकारिता आंदोलन को मजबूत करना है। जमीनी स्तर तक इसकी पहुंच को विस्तारित करना है। सहकारिता आधारित आर्थिक विकास मॉडल को बढ़ावा देना है और साथ-साथ उपयुक्त नीति, कानूनी और संस्थागत निर्माण करना है। सहकारिता समितियों को उनकी क्षमता का अहसास कराने में मदद करने के लिए ढांचागत निर्माण सहकारिता मंत्री अमित शाह ने जब से शुरू किया है, सहकारी क्षेत्र में कार्यरत लोगों में अत्यधिक उत्साह देखने को मिल रहा है। मंत्री अमित शाह का यह स्वप्न बहुत लम्बे समय से था कि हम भारत में एक बार सहकारिता क्षेत्र का भरपूर विकास करके उन लोगों को विकास की मुख्य धारा में सम्मिलित करें जो अभी भी किन्हीं कारणों से विकास की धारा से वंचित रहे हैं। सहकारिता के सिद्धांत दरअसल सबकी उन्नति व सबके विकास में विश्वास करता है। इसीलिए हम देखते हैं कि सहकारिता मंत्रालय अपने सात सार्वभौमिक रूप से स्वीकृत सहकारिता सिद्धांतों का पालन करते हुए भारत की जन-स्थिति में सुधार की पहल कर रहा है। यथा खुली और स्वैच्छिक सदस्यता का इसमें भरपूर प्रावधान है। लोकतांत्रिक सदस्य नियंत्रण के साथ सदस्यों की आर्थिक भागीदारी उनकी स्वायत्तता और स्वतंत्रता को स्थापित करके चल रहा है। व्यापक शिक्षा, प्रशिक्षण और सूचना पर बल देने की प्रतिबद्धता है। सहकारिता समितियों के बीच सहयोग और समुदाय के लिए चिंता भी इसके सैद्धांतिक पहलू हैं।

अब जब से भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमृत काल के पंच प्रण को जनमानस में रखा है, तब से सहकारिता के स्वरूप में और सघन विकसित भारतोन्नति को सहयोग मिल रहा है। 15 अगस्त, 2022 को स्वतंत्रता दिवस पर अपने भाषण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए अमृत काल आह्वान के पंच प्रण कुछ इस प्रकार थे- विकसित भारत का लक्ष्य, औपनिवेशिक मानसिकता के किसी भी निशान को हटा दें। अपनी जड़ों पर गर्व करें। एकता यानी राष्ट्रीय एकीकरण की भावना और नागरिकों में कर्तव्य की भावना। यह वे प्रण हैं जिससे सच में भारत की छवि बदली जा सकती है। सहकारिता के लिए यह सब सूत्र हैं क्योंकि पंच प्रण से सबके साथ विकास व समृद्धि की नई परिभाषा रची जा सकती है और सबके आत्म गौरव को सुरक्षित व संरक्षित किया जा सकता है। विश्व स्तर पर सहकारिता के विविध प्रयत्न पर भारत के सहकारिता मंत्री अमित शाह की नज़र रहती है। वह चाहते हैं कि भारतीय नागरिक चाहे वह गरीब हो, दलित हों, दमित हों, महिलाएं हों या दिव्यांगजन हों, सबको सहकारिता का लाभ मिले। सहकारिता की भावना से सभी आगे बढ़ें। सहकारिता से सभी एक दूसरे के लिए कार्य करें क्योंकि अमित शाह की दृष्टि में परमार्थ का कार्य ही तो सहकारिता का कार्य है। एक-दूसरे का




सहयोग ही तो परमार्थ का कार्य है। सहकारिता का कार्य है। यह वर्ष अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष है। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के उद्घाटन कार्यक्रम का अभिभाषण स्मरण आ रहा है। इस अभिभाषण में अमित शाह ने कहा था कि अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के दौरान सहकारिता के विस्तार, इस क्षेत्र में शुचिता लाने, सहकारी संस्थाओं को समृद्ध बनाने, कई नए क्षेत्रों में सहकारिता की पहुंच बढ़ाने और भारत के हर व्यक्ति को किसी न किसी प्रकार से सहकारिता से जोड़ने की दिशा में आगे बढ़ने के प्रयास किए जाएंगे। यह एक बड़ी संकल्पना है कि भारत की 140 करोड़ वाली आबादी सहकारिता से जुड़े। सहकारिता को समझे। सहकारिता आन्दोलन में सम्मिलित हो। अमृतकाल में सहकारिता का अमृत-समय का हस्ताक्षर पूरे विश्व में भारत की ओर से अंकित करे। वस्तुतः आत्मनिर्भरता की दिशा में यह कार्य है। अमित शाह यह जानते हैं कि अमृत काल की अगर सबसे सुंदर व्याख्या कुछ है तो वह सहकारिता। सहकारिता के बगैर किसान आत्मनिर्भर नहीं बन सकेगा। समृद्ध नहीं बन सकेगा। नरेंद्र मोदी के 'सहकार से समृद्धि' के नारे को यदि जमीनी स्तर पर देखना है तो इसके लिए बड़े पैमाने पर आमजन को सहकारिता से जोड़ने की आवश्यकता है। यदि अमृत काल में भारत के 2047 के संकल्प को भी चरितार्थ करना है तो सहकारिता से किया जा सकता है। इसे एक विकसित भारत का मॉडल तैयार करने की कोशिश के रूप में हम समझ सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय सहकारी गठबंधन-आईसीए की स्थापना 1895 में हुई थी। यह सहकारी समितियों का प्रतिनिधित्व करने वाला शीर्ष निकाय है। यह विश्व की सहकारी संस्थाओं को एकीकृत करता है और उनका प्रतिनिधित्व व देखरेख करता है। आईसीए सहकारी समितियों के लिए और उनके बारे में ज्ञान, विशेषज्ञता और समन्वित कार्रवाई के लिए एक वैश्विक आवाज़ और मंच प्रदान करने वाला संगठन है। सभी को यह ज्ञात है कि संयुक्त राष्ट्र ने 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया है। आधुनिक सहकारी आंदोलन की जन्मस्थली 'रॉचडेल म्यूज़ियम' में अंतरराष्ट्रीय सहकारी संगठन-आईसीए की सहकारी सांस्कृतिक विरासत कार्य समूह की बैठक होने वाली है।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 विशेष सेलीब्रेशन के ही तहत यह समूह 25 ऐतिहासिक सहकारी स्थलों का डिजिटल वर्ल्ड मैप लॉन्च करने की योजना बना चुका है। यह संगठन सांस्कृतिक व ऐतिहासिक महत्व वाले स्थलों की पहचान के लिए वैश्विक दिशा-निर्देश तैयार करने वाला है। खास बात यह है कि इस परियोजना का उद्देश्य सहकारी आंदोलन के महान अग्रदूतों, परिवर्तनकारियों व समर्पित लोगों की विरासत को उजागर करना और उस परंपरा को सम्मान देना है जिसने इस वैश्विक आंदोलन को जन्म दिया। अमित शाह की योजना है कि देश के सहकारिता आंदोलन को इस महान प्रदर्शनी में सम्मिलित किया जाए और भारतीय सहकारिता की दुंदुभी पूरे विश्व में बजे। देखा जाए तो सहकारिता की भारतीय यात्रा को उनकी सोच से अब प्रतिबिंबित करना ज़रूरी है क्योंकि अमित शाह के इरादे बहुत नेक हैं। उन्होंने सार्वजनिक रूप से और विभिन्न आयोजनों में इस बात पर जोर दिया कि सहकारिता आंदोलन की चर्चा इसकी विफलताओं तक सीमित नहीं रह सकती। इफको, कृभको, अमूल और नैफेड जैसी संस्थाओं ने सफलता की कई कहानियां गढ़ी हैं। देशभर के किसानों की मेहनत और सरकार की योजनाएं ही इस आंदोलन की असली रीढ़ हैं। सहकार से समृद्धि की इस बहुद्देशीय उल्लेखनीय उपलब्धि का देश को बहुत लाभ मिलने वाला है।

(लेखक केंद्रीय विश्वविद्यालय पंजाब में चेयर प्रोफेसर हैं। ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## बुढ़ापे को बनाएं सार्थक



संकलित

दर्शन

जीवन का संध्याकाल यानी, बुढ़ापा अधिकतर लोगों के लिए दुखदायी होता है। मानव जीवन का यह पड़ाव बहुत मुश्किलों भरा और चुनौतीपूर्ण बन जाता है। हर इंसान को इसे भोगना पड़ता ही है। बेहतर है हम अपने जीवन को अभी से बेहतर बनाएं तभी बुढ़ापे को सार्थक बना पाएंगे। लेकिन आमतौर पर ऐसा होता नहीं है। आप घड़ी के तीन कांटे देखना, सेकंड का कांटा बचपन का प्रतीक है जो बहुत तेज भागता है। मिनट का कांटा जवानी का प्रतीक है जो बचपन से थोडा धीरे चलता है लेकिन काम करता दिखता है। घंटे का कांटा बुढ़ापे का प्रतीक है जो चलता हुआ दिखता तो नहीं, लेकिन फिर भी चलता है। बचपन और जवानी तो जल्दी भागती है बुढ़ापा धीरे धीरे खिसकता है। जवानी को लाख बचाना चाहो पर वह बचती नहीं, लाख दवाएं खा लो कि, बबुढ़ापा ना आए लेकिन बुढ़ापा तो आता ही है। सफेद बाल काले कर सकते हो फिर भी बुढापा नहीं रुकता। प्लास्टिक सर्जरी भी करा लो तो भी बुढ़ापा निश्चित आएगा। परिवार में सुखी रहना है तो बुढ़ापे में बहू और बेटों के बीच ज्यादा हस्तक्षेप मत करो। ज्यादा हस्तक्षेप करने से परिवार के लोग टूटने लगते हैं और मन भी अशांत होने लगता है। बुढ़ापा यदि सुख से गुजारना है तो अपने घर को अपना घर न समझकर पड़ोसी का घर समझो। जो व्यवहार अपने पड़ोसी से करते हैं वही अपने बेटे-बहू से करो, समय पर भोजन मिले चुपचाप भोजन कर लो, बाकी समय हरि का भजन करो।

## पूजा-अर्चना और ईश्वर शरणागति



संकलित

प्रेरणा

बेशक मूर्तिपूजा का अपना महत्व है। लेकिन चित्रकारों ने कल्पना करके भगवान का जो चित्र बनाया और उस चित्र पर से चित्र लेकर जो फोटो छपे और हमारे घर आये, क्या केवल उस फोटो के पैर पकड़ के बैठना भगवान की शरण है? बिना किसी भावना के अपने स्वार्थ के लिए या केवल दिखावे के लिए, पूजा-अर्चना का कोई अर्थ है। हमें चिंतन करना चाहिए कि भगवान की किसी धातु से अथवा पत्थर से बनी हुई मूर्ति अथवा यरूसलेम में रखे हुए उस पत्थर को पकड़ के आलिंगन करके बैठना खुदा की शरण है क्या, भगवान की शरण है क्या? अगर मूर्ति के पैर पकड़ के बैठना या श्रीविग्रह के पैर पकड़ के बैठना ही भगवान की शरण है तो पकड़ ले पैर, छुट्टी हो जाय, कल्याण हो जाय। कई महान संत एकांत में अंतर्यामी ईश्वर से वार्ता, ईश्वर-चिंतन, ईश्वर-पुकार करते-करते शांत हो गये तो उन संत को मानो उस सच्चिदानंद ने, उस परमेश्वर ने, उस गुरुतत्त्व ने, जिसमें उनकी स्थिति हुई, यह स्फुरना दिया कि एक संकल्प उठता है और दूसरा उठने को है, इसके बीच की जो संकल्परहित स्थिति है, वह सच्चिदानंद है। उस सच्चिदानंद में विश्रांति करना ईश्वर की शरण है। सुख और दुःख चले जाते हैं फिर भी जो नहीं जाता, उसमें स्थिति करना- यह ईश्वर की शरण है। अनुकूलता में हर्ष होता है और प्रतिकूलता में शोक होता है। हर्ष-शोक, राग और द्वेष मति के धर्म होते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### हिंदी किसी भी भाषा की विरोधी नहीं

हिंदी भाषा में भारतीय संस्कृति एवं परम्परा की झलक मिलती है। हिंदी का विरोध समय समय हुआ ही है। देश के विभाजन के बाद देश की मुख्य समस्या राष्ट्र की भाषा के लिए वाद-विवाद हुए। अंततः हिंदी को राष्ट्र भाषा घोषित की गई। हाल ही में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन द्वारा हिंदी के खिलाफ दिए गए बयान पर गृहमंत्री अमित शाह ने जवाब देते हुए कहा कि भारतीय भाषा देश को तोड़ने का नही,बल्कि जोड़ने का सशक्त माध्यम है। उन्होनें कहा कि किसी भी देश की चेतना एवं अपनी संस्कृति की और आगे बढ़ने के लिए सरकार का संचालन मातृभाषा में ही करना चाहिए। हिंदी केवल भारत मे ही नही कई देशों में बोली जाती है। भारतीय हिंदी भाषी हर भाषा का का सम्मान करता है। देश मे अनेक भाषा बोली जाती है। और समझी भी जाती है लेकिन किसी भी राज्य की भाषा को किसी को ऐतराज नहीं है। *–कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### भारत करेगा मेजबानी



यह प्रत्येक नागरिक के लिए बहुत गर्व का क्षण है, क्योंकि भारत को प्रतिष्ठित 2029 विश्व पुलिस और अग्निशमन खेलों के लिए मेजबान देश के रूप में नामित किया गया है। अहमदाबाद आयोजन स्थल रहेगा।
- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### जय जगन्नाथ



श्री जगन्नाथ जी की रथ यात्रा के पावन अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं। महाप्रभु जगन्नाथ सभी को सुख, अच्छा स्वास्थ्य, शांति और समृद्धि प्रदान करें। सभी भक्तों को आध्यात्मिक रूप से समृद्ध यात्रा की शुभकामनाएं। जय जगन्नाथ !
-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री

### अशोक गहलोत की राजनीति



अशोक गहलोत अपने पुत्र का राजनीतिक करियर बनाने के लिए संजीवनी क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटी प्रकरण में मेरा नाम घसीटकर मुझे कलंकित करने के प्रयास में बुरी तरह असफल रहे हैं। इससे स्वयं उनकी राजनीति पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा हो गया है।
-गजेन्द्र सिंह शेखावत, केंद्रीय पर्यटन मंत्री

### विशेष 'सेवा-पथ'



लोककल्याण की भावना ही सनातन धर्म की आत्मा है और यही भावना आज पुरी की पवित्र रथयात्रा में फिर प्रकट हुई। रथ यात्रा के दौरान आरएसएस के स्वयंसेवकों ने एम्बुलेंस के लिए विशेष 'सेवा-पथ' बनाया है।
- धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री

## करंट अफेयर

### सोशल मीडिया को जवाबदेह ठहराने के फैसले से सहमति



ब्राजील के उच्चतम न्यायालय ने सोशल मीडिया कंपनियों को उनके उपयोगकर्ताओं द्वारा की गईं पोस्ट के लिए उत्तरदायी ठहराने के निर्णय से संबंधित विवरण पर बृहस्पतिवार को सहमति जताई, जिसके साथ ही अगले कुछ सप्ताह में फैसले को लागू करने का रास्ता साफ हो गया। ब्राजील की शीर्ष अदालत में 8-3 के मत से पारित आदेश में गूगल, मेटा और टिकटॉक जैसी दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनियों को घृणास्पद भाषण, नस्लवाद और हिंसा को बढ़ावा देने वाली सामग्री पर सक्रिय रूप से निगरानी रखने और उसे हटाने के लिए कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है। इस मामले से ब्राजील और अमेरिकी सरकार के बीच संबंध अस्थिर हो गए हैं। फैसले के आलोचकों ने चिंता व्यक्त की है कि अगर प्लेटफार्म पहले से ही ऐसी सामग्री हटा देते हैं तो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता खतरे में पड़ सकती है। बृहस्पतिवार को न्यायालय द्वारा निर्णय प्रकाशित किए जाने के बाद, लोग गैर-कानूनी सामग्री डालने और पीड़ित द्वारा ध्यान में लाए जाने के बाद भी उसे हटाने से इनकार करने पर सोशल मीडिया कंपनियों पर मुकदमा कर सकेंगे। न्यायालय ने इस बारे में कोई ठोस नियम नहीं बनाए कि कौन सी सामग्री अवैध है।

## ऑफ बीट

### ममदानी की जीत से न्यूयॉर्क की राजनीति में आया भूचाल



न्यूयॉर्क के मेयर पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी का उम्मीदवार बनने के चुनाव में भारतीय-अमेरिकी जोहरान क्वामे ममदानी की जीत ने शहर की राजनीति को हिलाकर रख दिया है। भारतीय समुदाय के सदस्यों ने यह बात कही है। दूसरी ओर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ममदानी पर निशाना साधते हुए उन्हें 100 प्रतिशत पागल वामपंथी कहा है। मशहूर भारतीय फिल्म निर्माता मीरा नायर और भारतीय मूल के युगांडाई लेखक महमूद ममदानी के पुत्र 33 वर्षीय ममदानी को मंगलवार रात मेयर पद की उम्मीदवारी के लिए हुए डेमोक्रेटिक पार्टी के प्राइमरी चुनाव में विजयी घोषित किया गया। ट्रंप ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा, "आखिरकार यह हो गया, डेमोक्रेटिक पार्टी ने हद पार कर दी। 100 प्रतिशत पागल वामपंथी जोहरान ममदानी ने डेमोक्रेटिक पार्टी के प्राइमरी चुनाव में जीत हासिल की और वह मेयर बनने की राह पर है। 'डिजिमेंटर्स' के सीईओ और मीडिया व राजनीति पर लंबे समय से नजर रखने वाले श्री श्रीनिवासन ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि ममदानी की जीत ने न्यूयॉर्क शहर की राजनीति को हिलाकर रख दिया है। श्रीनिवासन ने कहा, "यह घटनाक्रम आश्चर्यजनक रूप से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी लोगों का ध्यान खींच रहा है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# इंग्लैंड बनाम भारत : भारतीय बल्लेबाज जो एजबेस्टन में कर चुके हैं रनों की बारिश

एजेंसी ▶▶| एजबेस्टन


भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने पहला टेस्ट जीतकर 1-0 की बढ़त बना ली है। अब सीरीज का दूसरा मुकाबला एजबेस्टन के मैदान पर खेला जाएगा, जो इंग्लैंड के लिए हमेशा से एक मजबूत किला रहा है। इस मैच से पहले एजबेस्टन में भारत और इंग्लैंड के उन बल्लेबाजों के आंकड़े जानना दिलचस्प होगा, जिन्होंने इस मैदान पर सबसे ज्यादा रन बनाए हैं।

इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ पहला टेस्ट मुकाबला हारने के बाद अब भारतीय क्रिकेट टीम इंग्लैंड के खिलाफ दूसरा टेस्ट मुकाबला एजबेस्टन में खेलने उतरने वाली है। भारतीय टीम सीरीज में वापसी की उम्मीद लेकर उतरेगी। ऐसे में एजबेस्टन का मैदान भारत के लिए कितना शुभ साबित हो सकता है, इसका अंदाजा वहां बल्लेबाजों के प्रदर्शन से लगाया जा सकता है। दूसरे मुकाबले से पहले जान लेते हैं एजबेस्टन में टेस्ट क्रिकेट में भारत के सबसे सफल बल्लेबाज कौन-कौन रहे हैं?



## सुनील गावस्कर (216 रन)

दूसरे स्थान पर भारतीय टीम के एक और पूर्व दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर हैं। उन्होंने 1974 में इस मैदान पर पहला मुकाबला खेला था। आखिरी बार वह 1986 में खेलते हुए नजर आए थे। उन्होंने 3 टेस्ट की 6 पारियों में 36 की औसत से 216 रन बनाए थे। उनके बल्ले से 3 अर्धशतक निकले थे। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 68 रन रहा था। गावस्कर इस मैदान पर शतक नहीं लगा पाए थे।



## विराट कोहली (231 रन)

टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली इस सूची में पहले स्थान पर हैं। उन्होंने यहां पहला मुकाबला साल 2018 में खेला था। आखिरी बार वह यहां 2022 में खेलते हुए नजर आए थे। दो मैच की 4 पारियों में उन्होंने 57.75 की उम्दा औसत के साथ 231 रन बनाए थे। उनके बल्ले से 1 शतक और 1 अर्धशतक निकला था। कोहली का इस मैदान पर सर्वश्रेष्ठ स्कोर 149 रन रहा था।

## सचिन तेंदुलकर (187 रन)



एक और पूर्व भारतीय महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर इस सूची में चौथे स्थान पर हैं। उन्होंने इस मैदान पर साल 1996 में पहला मुकाबला खेला था। आखिरी बार वह इस मैदान पर 2011 में खेलते हुए नजर आए थे। उन्होंने 2 मैच की 4 पारियों में 46.75 की उम्दा औसत के साथ 187 रन बनाए थे। उनके बल्ले से 1 शतक निकला था। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 122 रन रहा था।

## पंत (203 रन), जडेजा (104 रन)

तीसरे स्थान पर हेडिंग्ले में पहले टेस्ट की दोनों पारियों में शतक जड़ने वाले स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत हैं। उन्होंने यहां अपना एकमात्र मुकाबला साल 2022 में खेला था। उस मैच की 2 पारियों में उन्होंने 203 रन जड़ दिए थे। उनके बल्ले से 1 शतक और 1 अर्धशतक निकला था। बता दें कि 2022 में जिस पारी में पंत ने शतक लगाया था, उसी पारी में रविंद्र जडेजा ने भी 13 चौकों की मदद से 104 रन बनाए थे।

## इंग्लैंड के इन बल्लेबाजों ने बनाए हैं सबसे ज्यादा रन

### जो रूट (920 रन)

इस सूची में पहले स्थान पर इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट हैं, जिन्होंने एजबेस्टन के मैदान पर साल 2015 में अपना पहला टेस्ट मैच खेला था। अब तक वह इस मैदान पर 9 टेस्ट की 16 पारियों में 70.76 की औसत से 920 रन बना चुके हैं। उनके नाम यहां 3 शतक और 5 अर्धशतक दर्ज हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 142 रन है। एजबेस्टन की पिच पर रूट का बल्ला लगातार रन उगलता रहा है।



### एलिस्टेयर कुक (869 रन)

दूसरे स्थान पर इंग्लैंड के पूर्व महान सलामी बल्लेबाज और कप्तान रहे एलिस्टेयर कुक हैं। उन्होंने इस मैदान पर पहला मुकाबला साल 2006 में खेला था। आखिरी बार वह 2018 में खेलते हुए नजर आए थे। उन्होंने 10 मुकाबलों की 16 पारियों में 57.93 की शानदार औसत के साथ 869 रन बनाए थे। उनके बल्ले से 2 शतक और 2 अर्धशतक निकले थे। उनका एजबेस्टन के मैदान पर सर्वश्रेष्ठ स्कोर 294 रन था।

### डेविड गॉवर (767 रन)

*एजबेस्टन के मैदान पर अपना पहला मुकाबला साल 1978 में खेलने वाले डेविड गॉवर इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं। इस पूर्व खिलाड़ी ने यहां अपना आखिरी मुकाबला 1989 में खेला था। उन्होंने इस मैदान पर 9 मुकाबले खेले थे और इसकी 14 पारियों में 59 की शानदार औसत के साथ 767 रन बनाने में सफल रहे थे। उनके बल्ले से 2 शतक और 3 अर्धशतक निकले थे और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 215 रन रहा था।*

### कॉलिन कौड्रे (737 रन)

*इंग्लैंड के एक और पूर्व बल्लेबाज कॉलिन कौड्रे इस सूची में चौथे स्थान पर हैं। एजबेस्टन में उन्होंने अपना पहला टेस्ट मैच साल 1957 में खेला था। आखिरी बार वह इस मैदान पर 1971 में इंग्लैंड की ओर से खेलते हुए नजर आए थे। इस खिलाड़ी ने 8 टेस्ट मैचों की 13 पारियों में 56.69 की औसत के साथ 737 रन बनाए थे। उनके बल्ले से 3 शतक और 3 अर्धशतक निकले थे। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 161 रन था।*

## खबर संक्षेप



### यूपी वारियर्स ने मुख्य कोच लुईस से नाता तोड़ा


**नई दिल्ली।** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) टीम यूपी वारियर्स ने मुख्य कोच जॉन लुईस से नाता तोड़ने का फैसला किया है जो 2023 से उनके साथ थे। डब्ल्यूपीएल 2025 में यूपी वारियर्स तालिका में निचले स्थान पर रही थी। टीम ने इंस्टाग्राम हैंडल पर कोच से अलग होने की जानकारी दी। फ्रेंचाइजी ने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा, ''पहले दिन से ही आपने हम पर भरोसा किया। कोच जॉन लुइस दिल से, सयंम से और भरोसे से मार्गदर्शन करने के लिए आपका धन्यवाद। आप हमेशा वारियर्स परिवार का हिस्सा रहेंगे।'' इंग्लैंड के लिए एक टेस्ट, 13 वनडे और दो टी20 खेलने वाले लुईस के मार्गदर्शन में यूपी वारियर्स 2023 में टूर्नामेंट के शुरूआती सत्र में डब्ल्यूपीएल प्लेऑफ तक पहुंची थी।

### एआईटीए की कार्यकारिणी ने धूपर को हटाया

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) की कार्यकारी समिति ने शुक्रवार को अनिल धूपर को महासंघ के महासचिव पद से हटा दिया और कहा कि 70 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद वह इस पद पर नहीं रह सकते थे और वह पहले ही अपना चार साल का कार्यकाल पूरा कर चुके हैं। कार्यकारिणी के 25 सदस्यों में से 17 सदस्य इस बैठक में उपस्थित थे जिसमें तीन चौथाई बहुमत से संयुक्त सचिव सुंदर अय्यर को अंतरिम सचिव बनाने का प्रस्ताव पारित किया। इससे उन्हें सोमदेव देववर्मन और पूरव राजा द्वारा दिल्ली उच्च न्यायालय में दायर रिट याचिका का जवाब दाखिल करने का अधिकार मिल गया, जिसमें सितंबर 2024 में हुए चुनावों की वैधता को चुनौती दी गई थी।

### अल्काराज पहले दौर में फोगनिनी से भिड़ेंगे

**लंदन।** दूसरी रैंकिंग के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज सोमवार से यहां शुरू होने वाले विम्बलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम के पहले दौर में फैबियो फोगनिनी के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगे जिसमें उनकी निगाहें लगातार तीसरा खिताब अपनी झोली में डालने पर लगी होंगी। इस ग्रास कोर्ट ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के लिए एकल ड्रॉ शुक्रवार को निकाला गया जिसमें शीर्ष रैंकिंग पर काबिज यानिस सिनर का सामना लुका नार्डी से होगा। नोवाक जोकोविच (छठी रैंकिंग) पहले दौर में एलेक्जेंडर मुलर से भिड़ेंगे। जोकोविच ने 24 मेजर ट्रॉफियों में से सात आल इंग्लैंड क्लब में ही जीती हैं।



## अब हर मैच के लिए कनकशन खिलाड़ी को नामांकित करना होगा

# आईसीसी के नए नियमों में 'सिर पर चोट' लगने से खिलाड़ियों को सात दिन बाहर रहना होगा

एजेंसी ▶▶| दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को सभी प्रारूपों में खेलने के लिए नए नियमों की घोषणा की जिसमें 'कनकशन' से चोटिल होने वाले खिलाड़ियों के लिए न्यूनतम सात दिन का 'स्टैंड डाउन' समय, सीमित ओवरों के क्रिकेट में वाइड गेंद के नए नियम का ट्रायल और बाउंड्री पर कैच के संबंध में बदलाव शामिल हैं।

क्रिकेट की वैश्विक संचालन संस्था ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि टेस्ट के लिए नए नियम 2025-2027 डब्ल्यूटीसी चक्र से लागू होंगे जिसकी शुरुआत श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच गॉल में पहले टेस्ट के साथ हुई थी। इन दोनों देशों के बीच आगामी सीमित ओवरों की श्रृंखला वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय के लिए नए खेलने के नियमों की शुरूआत करेगी। श्रीलंका और बांग्लादेश दो जुलाई से तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला खेलेंगे जिसके बाद 10 जुलाई से तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला शुरू होगी। 'कनकशन' (सिर पर चोट) प्रोटोकॉल के संदर्भ में आईसीसी ने कहा कि इसमें दो बदलाव किए गए हैं। पहला तो टीमों को अब हर मैच के लिए 'कनकशन' स्थानापन्न खिलाड़ी को नामांकित करना होगा।

### आईसीसी ने सभी प्रारूपों में खेलने के लिए नियमों की घोषणा



### खिलाड़ियों की सुरक्षा पर ध्यान

आईसीसी ने साथ ही घोषणा की कि किसी भी खिलाड़ी को 'कनकशन' होने की स्थिति में न्यूनतम सात दिन तक खेल से बाहर (स्टैंड डाउन) रहना होगा। आईसीसी ने कहा, ''मैच के दौरान कनकशन होने की स्थिति में खिलाड़ी को खेलने के लिए वापस आने से पहले कम से कम सात दिन की न्यूनतम 'स्टैंड डाउन' अवधि का पालन करना होगा। यह बदलाव आईसीसी की चिकित्सा सलाहकार समिति की सिफारिश के बाद किया गया ताकि खिलाड़ियों की सुरक्षा और भलाई का ध्यान रखा जाए।''

### नए नियमों का ट्रायल अक्टूबर से

आईसीसी ने कहा कि पूर्ण सदस्यों देशों द्वारा इन दोनों नए नियमों का ट्रायल अक्टूबर 2025 से शुरू होकर छह महीने तक किया जाएगा। इसमें वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए एक नया 'वाइड-बॉल' नियम भी शामिल है जिसे गेंदबाज की मदद के लिए लाया जा रहा है। आईसीसी ने कहा, ''ट्रायल में गेंद डालते समय बल्लेबाज के पैरों की स्थिति को अब वाइड गेंद के लिए 'संदर्भ बिंदु' (रेफरेंस प्वाइंट) के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा, भले ही बल्लेबाज बाद में ऑफ साइड की ओर मुड़ जाए।''

### वाइड गेंद पर गेंदबाजों को थोड़ी छूट देने पर काम

आईसीसी की क्रिकेट समिति के मीडिया प्रतिनिधि दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान शॉन पोलाक ने इस साल जनवरी में बताया था कि क्रिकेट की संचालन संस्था वाइड गेंद पर गेंदबाजों को थोड़ी अधिक छूट देने के लिए काम कर रही है।'' आईसीसी ने कहा, ''कोई भी लेग साइड वाली गेंद जो बल्लेबाज के पैरों के पीछे से होकर जाती है और लाइन से बाहर होती है, उसे भी वाइड कहा जा सकता है।''

### प्रथम श्रेणी में चोटिल होने पर किसी भी खिलाड़ी से बदला जा सकता है

एक और नियम का ट्रायल घरेलू प्रथम श्रेणी क्रिकट में किया जाना है जिसमें टीमें अंतिम एकादश में चुनने के बाद किसी खिलाड़ी के गंभीर रूप से चोटिल होने के बाद उसकी जगह किसी अन्य खिलाड़ी को शामिल कर सकती हैं। आईसीसी ने कहा, ''मैच शुरू होने के बाद किसी भी समय (किसी भी मैच पूर्व अभ्यास सहित) अगर खेल के मैदान पर कोई खिलाड़ी गंभीर रूप से चोटिल हो जाता है तो मैच के बचे हुए हिस्से में खेलने के लिए उसके समान किसी भी खिलाड़ी द्वारा उसे बदला जा सकता है।''

# डोपिंग मामले में धाविका ट्विंकल चौधरी निलंबित



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय खेलों में कई पदक जीतने वाली मध्यम दूरी की धाविका ट्विंकल चौधरी को प्रतिबंधित स्टेरॉइड के लिए पॉजिटिव पाए जाने के बाद 'एथलेटिक्स इंटीग्रिटी' इकाई (एआईयू) ने अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। अठाईस साल की ट्विंकल ने इस साल के शुरू में उत्तराखंड में हुए राष्ट्रीय खेलों के चार गुणा 400 मीटर महिला रिले स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने 800 मीटर दौड़ में रजत और चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले में कांस्य पदक भी जीता था। ट्विंकल को प्रतिबंधित एनाबोलिक स्टेरॉइड मिथाइलटेस्टोस्टेरोन का पॉजिटिव पाया गया है। एआईयू ने अपने अपडेट में कहा कि ट्विंकल को आरोपों का नोटिस जारी किया गया है। अगला कदम इस मामले की सुनवाई होगी जिसमें इस एथलीट को अपनी बात स्पष्ट करने का मौका मिलेगा। जालंधर की रहने वाली ट्विंकल ने अप्रैल में कोच्चि में 28वीं राष्ट्रीय महासंघ सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की 800 मीटर स्पर्धा में 2:00.71 सेकेंड के समय के साथ नया मीट रिकॉर्ड बनाया था। इस महीने के शुरू में उन्होंने ताइवान ओपन में 800 मीटर स्पर्धा में 2:06.96 सेकेंड के समय के साथ रजत पदक जीता था।

### भारत का रिकॉर्ड सबसे खराब रहा

मई में भारतीय एथलीट स्नेहा कोलेरी को एनाबोलिक स्टेरॉइड स्टैनाजोलोल का पॉजिटिव पाए जाने के बाद निलंबित कर दिया था। हाल में जारी 2023 की जांच के आंकड़ों में जिन देशों ने 5000 या इससे अधिक नमूने की जांच कराई, उसमें भारत का रिकॉर्ड सबसे खराब रहा और उसका प्रतिशत 3.8 रहा था।

Gates® DRIVEN BY POSSIBILITY™

Gates India, a trusted name in automotive parts and a Preferred OE Partner of leading manufacturers, is excited to appoint **HIMANSHU MOTORS, Sirsa** as an **Authorized Distributor** for our Aftermarket product range.

With this partnership, we aim to provide faster service, greater availability, and enhanced customer support to better serve our valued customers.

Together, we are committed to delivering excellence.

FOR PRODUCT ENQUIRIES, CONTACT:
**HIMANSHU MOTORS**
+91 9871453700
nksingla.adv@gmail.com

For Distributor Enquiries, Contact : aftermarket.india@gates.com

## प्रज्ञानानंदा ने उजचेस कप मास्टर्स जीता, शीर्ष भारतीय और दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी बने

**ताशकंद।** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा शुक्रवार को यहां उजचेस कप मास्टर्स 2025 जीतने के बाद लाइव रेटिंग में भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले शतरंज खिलाड़ी बन गए। इस जीत से प्रज्ञानानंदा की लाइव रेटिंग 2778.3 तक पहुंच गई जिससे वह तीन स्थान की उछाल से दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी बन गए। इस तरह उन्होंने अपने करियर की सर्वोच्च रैंकिंग हासिल की। इस 19 साल के खिलाड़ी ने विश्व चैंपियन डी गुकेश (2776.6) और अर्जुन एरिगैसी (2775.7) को पछाड़ दिया जो बृहस्पतिवार तक भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले खिलाड़ी थे लेकिन अब दुनिया के छठे नंबर पर खिसक गए। मैग्नस कार्लसन (2839.2) शीर्ष पर बने हुए हैं। प्रज्ञानानंदा ने अंतिम दिन स्थानीय दावेदार नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव से एक अंक पीछे और जावोखिर सिंदारोव से आधा अंक पीछे से शुरुआत की। अंतिम दौर में अब्दुसत्तोरोव पर एक अहम जीत ने उन्हें राउंड-रॉबिन चरण के अंत में 5.5 अंक के साथ दोनों खिलाड़ियों के बराबर लाने में मदद की। एरिगैसी ने अरविंद चितंबरम के साथ ड्रा करके इसे चार खिलाड़ियों का टाई बनाने का मौका गंवा दिया।

# युवेंटस को हराकर ग्रुप में शीर्ष पर रहा मैनचेस्टर सिटी

एजेंसी ▶▶| ऑरलैंडो

मैनचेस्टर सिटी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए युवेंटस को 5-2 से हराकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप जी में शीर्ष पर रहते हुए अगले दौर में जगह बनाई। कैम्पिंग वर्ल्ड स्टेडियम में गुरुवार को खेले गए मैच में 26वें मिनट में मैनचेस्टर सिटी की टीम आत्मघाती गोल से 2-1 से आगे हो गई, जब डिफेंडर पियरे कालुलु ने नजदीक से पास रोकने का प्रयास करते हुए गेंद को अपनी नेट में पहुंचा दिया। इंग्लैंड के क्लब की तरफ से दूसरे हाफ में एरलिंग हालैंड, फिल फोडेन और सेविन्हो ने गोल करके स्कोर 5-1 कर दिया। इससे पहले जेरेमी डोकू ने नौवें मिनट में मैनचेस्टर सिटी के लिए



पहला गोल किया लेकिन इसके दो मिनट बाद ट्यून कूपमेइनर्स ने बराबरी का गोल कर दिया। डुसन व्लाहोविक ने 84वें मिनट में इटली के क्लब के लिए दूसरा गोल किया, जो ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहा।

## अंडर-19: सूर्यवंशी का धमाल, भारत 6 विकेट से जीता

# भारत ने इंग्लैंड को हराकर श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बनाई

एजेंसी ▶▶| होव

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शानदार प्रदर्शन से उत्साहित युवा वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे ने शुक्रवार को यहां गेंदबाजों की अच्छी गेंदबाजी के बाद बल्ले से धमाल मचाया जिससे भारत ने अंडर-19 दौरे के पहले वनडे में इंग्लैंड को छह विकेट से हराकर श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल की। भारतीय गेंदबाजी इकाई ने कनिष्क चौहान (20 रन देकर तीन विकेट) और मोहम्मद एनान (37 रन देकर दो विकेट) की स्पिन जोड़ी के नेतृत्व में तेज गेंदबाजों आरएस अंबरीश (24 रन देकर दो विकेट) और हेनिल पटेल (41 रन देकर दो विकेट) के साथ मिलकर शानदार प्रदर्शन किया। रॉकी फ्लिंटॉफ (90 गेंद में 56 रन) के जुझारू



अर्धशतक के बावजूद इंग्लैंड की टीम 42.2 ओवर में 174 रन पर सिमट गई। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम ने सूर्यवंशी और म्हात्रे की बदौलत धमाकेदार शुरुआत की जिन्होंने सात ओवर में बिना किसी नुकसान के 70 रन बना लिए। लेकिन इनके जाने के बाद उप कप्तान अभिज्ञान कुंडू ने नाबाद 45 रन (34 गेंद, चार चौके, एक छक्का) बनाकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। भारत ने यह मैच महज 24 ओवर में जीत लिया और पांच मैच की श्रृंखला में बढ़त बना ली। वनडे श्रृंखला के बाद 12 जुलाई से दो युवा टेस्ट मैच खेले जाएंगे। चौदह वर्षीय सूर्यवंशी ने आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स के लिए सात मैच में 252 रन बनाए थे जिसमें गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 35 गेंद में शतक बनाने का रिकॉर्ड भी शामिल है। सूर्यवंशी शानदार फॉर्म में थे, उन्होंने छठे ओवर में जैक होम की गेंदों पर तीन छक्के जड़े और फिर जेम्स मिंटो की गेंदों को धुनते हुए 18 गेंद में 48 रन बना डाले। पर उनकी तूफानी पारी अगली ही गेंद पर समाप्त हो गई। उन्होंने बाएं हाथ के स्पिनर राल्फी अल्बर्ट की गेंद पर स्लॉग स्वीप करने की कोशिश की और ताजीम चौधरी अली के हाथों लपके गए। चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 48 गेंद में 84 रन की पारी खेलने वाले कप्तान म्हात्रे ने सूर्यवंशी के आउट होने के बाद एएम फ्रेंच की गेंदों पर लगातार दो चौके जड़े। लेकिन मुंबई का यह खिलाड़ी जल्द ही एक्स्ट्रा कवर पर शॉट लगाने की कोशिश में रॉकी के हाथों लपका गया। भारत ने आठ रन के अंदर दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट खो दिए। फिर मौल्यराजसिंह चावड़ा (16) 13वें ओवर में फ्रेंच का शिकार बने। लेकिन स्कोरबोर्ड का कोई दबाव नहीं होने के कारण मेहमान टीम ने आसानी से जीत दर्ज की। इससे पहले इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज आईसैक मोहम्मद ने 28 गेंद में तीन चौकों और चार छक्कों की मदद से 42 रन की तेज पारी खेली।

## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

**वरिष्ठ मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला** के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को **15:00** बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| | अनुमानित लागत (₹) | अग्रिम राशि (₹) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | चंडीगढ़ के गुड्स शेड में औद्योगिक साइडिंग I और II में शेष कार्यों का उन्नयन। | | | |
| | 2,33,32,024 | 2,66,700 | 06 महिने | 21/07/2025 |
| कार्य का नाम | एडीईएन/यूएमबी के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/एम/यूएमबी के सेक्शन में एमओवाई– यूएमबी सेक्शन पर किमी 191/16-18 पर बीआर संख्या 232 यूपी (2X12.20एम) के पीएससी स्लैब के साथ मौजूदा स्टील गर्डर को प्रतिस्थापित करना । | | | |
| | 82,60,416 | 1,65,200 | 09 महिने | 21/07/2025 |
| कार्य का नाम | एडीईएन/यूएमबी के अधीन एसएसई/वर्क्स–एम/यूएमबी के अनुभाग में अंबाला कैंट गुड्स शेड में लाइन नंबर 9 पर अवसंरचना सुविधाओं के सुधार, जल छिड़काव प्रणाली, एनजीटी दिशानिर्देश के संबंध में शेष कार्य। | | | |
| | 2,95,43,376 | 2,97,700 | 06 महिने | 21/07/2025 |
| कार्य का नाम | सीनियर डीईएन-1 के तहत पुल के सबस्ट्रक्चर की जैकेटिंग के साथ–साथ पीएससी स्लैब के साथ पुल के स्टील गर्डरों को बदलने और पुल संख्या 190, 197-ए1, 220 ए, 232 डीयूआई-जेएचएल, पुल संख्या 49 जेएचएल-एचएसआर पुल संख्या 30, 82, 135 एलडीएच डीयूआई पुल संख्या 60-ए, 100 आरपीजे-बीटीआई, पुल संख्या 221, 292 डीयूआई-बीटीआई और पुल संख्या 143 बीटीआई-एसजीएनआर सेक्शन के सबस्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए स्ट्रक्चरल ड्राइंग की आपूर्ति। | | | |
| | 4,11,55,977 | 3,55,800 | 18 महिने | 21/07/2025 |
| कार्य का नाम | यूएमबी डिवीजन में माल शेडों के उन्नयन के लिए एमईटी, एएचएच, जीडीबी और एमओटी में माल शेडों के उन्नयन के लिए शेष कार्य। | | | |
| | 8,64,32,216 | 5,82,200 | 10 महिने | 21/07/2025 |
| कार्य का नाम | अबोहर गुड्स शेड में कराची गुड्स साइडिंग का उन्नयन। | | | |
| | 4,23,21,735 | 3,61,600 | 08 महिने | 21/07/2025 |

**1.** ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेन्टों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट **IREPS** पर अपलोड करनी जरूरी है। **2.** अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होगें। **3.** निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लोग ऑन करें। **4.** ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास-III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। **5.** जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी।

खुली निविदा संख्याः 15-अम्बाला/2025-26 दिनांक 27.06.2025

1951/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# सीबीआई के मुंबई-अहमदाबाद में छापे, उगाही का सरगना पकड़ा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने साइबर अपराधों के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अंतरराष्ट्रीय साइबर उगाही गिरोह के प्रमुख सदस्य को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई के तहत मुंबई और अहमदाबाद में समन्वित तलाशी अभियान चलाया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान प्रिंस जशवंतलाल आनंद के रूप में हुई है, जो इस जटिल अंतरराष्ट्रीय रैकेट का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। सीबीआई के अनुसार, यह गिरोह विशेष रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा के नागरिकों को निशाना बनाता था। यह गिरोह कानून प्रवर्तन और सरकारी अधिकारियों की पहचान का दुरुपयोग कर, फर्जी कानूनी धमकियां देकर और भयभीत कर पीड़ितों से पैसे वसूलता था। यह कार्रवाई ऑपरेशन चक्र-V के तहत 26 जून को की गई, जिसमें एक दिन पहले तलाशी अभियान शुरू हुआ था। सीबीआई ने बताया कि प्रिंस जशवंतलाल आनंद ने एक सुव्यवस्थित धोखाधड़ी तंत्र स्थापित किया था, जिसमें दूरसंचार बुनियादी ढांचा, स्क्रिप्टेड धोखाधड़ी संवाद, और कनाडाई कानून प्रवर्तन एजेंसियों के समान जाली पहचान पत्र शामिल थे। संयुक्त राज्य अमेरिका की फेडरल कम्युनिकेशंस कमीशन (एफसीसी) ने पहले इस गिरोह को 'रॉयल टाइगर गैंग' के रूप में चिह्नित किया था, जो एक प्रमुख उपभोक्ता संचार सूचना सेवा खतरा है। एफसीसी के अनुसार, यह गिरोह सरकारी एजेंसियों, बैंकों और उपयोगिता सेवा प्रदाताओं की पहचान का दुरुपयोग कर अवैध रोबोकॉल उत्पन्न करता था, जिसका उद्देश्य अमेरिकी उपभोक्ताओं को ठगना और धोखा देना था।

**साइबर अपराधों के खिलाफ केंद्रीय एजेंसी की बड़ी कार्रवाई**

## आपातकालीन लैंडिंग के बाद तिरुवनंतपुरम में 12 दिनों से खड़ा है यह विमान

# तिरुवनंतपुरम में खड़े एफ-35बी लड़ाकू विमान को ठीक करेंगे ब्रिटेन के इंजीनियर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बीते 12 दिनों से केरल के तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर खड़े एफ-35बी लड़ाकू विमान में आई इंजीनियरिंग संबंधी गड़बड़ी को दूर करने के लिए जल्द ही ब्रिटेन के तीन दर्जन से अधिक इंजीनियरों की एक भारी भरकम टीम, विशेषज्ञों के साथ भारत पहुंचेगी। यह विमान इस महीने 14 जून को आपातकालीन लैंडिंग कर तिरुवनंतपुरम में उतरा था और उसके बाद यह उड़ान नहीं भर सका। वर्तमान में यह ब्रिटेन की नौसेना के एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स कैरियर स्ट्राइक ग्रुप का हिस्सा है। संभवतः कम ईंधन की वजह से इसकी केरल के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात लैंडिंग हुई थी। खराब मौसम की वजह से यह विमान केरल तट से करीब 100 समुद्री मील की दूरी पर मौजूद ब्रिटेन के विमानवाहक युद्धपोत पर लैंड नहीं कर पाया था। एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स पर मौजूद इंजीनियरों ने विमान के शुरुआती आकलन के बाद मामले में ब्रिटेन के इंजीनियरों का सहयोग लेने की आवश्यकता जताई। जिसके बाद ही ब्रिटेन से इंजीनियरों की टीम को भारत भेजने का फैसला लिया गया। यह जानकारी भारत में ब्रिटेन के उच्चायोग ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर दी।

**हवाईअड्डे पर ही होगी मरम्मत :** ब्रिटेन के उच्चायोग के प्रवक्ता ने बताया कि ब्रिटेन ने तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे पर एफ-35बी लड़ाकू विमान की मरम्मत करने का ऑफर स्वीकार कर लिया है। जिसके साथ ही अब विमान को हवाई अड्डे की मरम्मत और ओवरहॉल सुविधा (एमआरओ) की ओर ले जाया गया है। ब्रिटेन से इंजीनियरिंग के विशेषज्ञों के भारत पहुंचने के बाद इसे हैंगर में लाया जाएगा। जहां पर विशेषज्ञ उपकरणों के साथ विमान की व्यापक रूप से जांच-पड़ताल करेंगे। साथ ही उनकी ये भी कोशिश होगी कि उनकी कार्रवाई के दौरान हैंगर के ईद-गिर्द खड़े बाकी विमानों के मरम्मत संबंधी कार्यों में नाममात्र का ही गतिरोध पैदा हो।

### 5वीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान

एफ-35बी पांचवीं पीढ़ी का एक लड़ाकू विमान है। जो कि छोटे रनवे से शॉर्ट टेकऑफ और वर्टिकल लैंडिंग की क्षमताओं से लैस है। इसके अलावा यह जटिल सैन्य अड्डों और जहाजों से भी हवाई संचालन को आसानी से अंजाम दे सकता है। इसे दुनिया के सबसे उन्नत नौसैन्य लड़ाकू विमानों में से एक माना जाता है। विमान की कुल अनुमानित कीमत 110 मिलियन डॉलर है। उधर, एफ-35बी के सामरिक महत्व को देखते हुए केरल में सीआईएसएफ के जवान चौबीसों घंटे इसकी निगरानी में जुटे हुए हैं।

## खबर संक्षेप

### हाईकोर्ट की ऑनलाइन सुनवाई में शौचालय से पेश हुआ, वीडियो प्रसारित

**अहमदाबाद।** गुजरात उच्च न्यायालय में ऑनलाइन सुनवाई के दौरान एक व्यक्ति को कथित तौर पर शौचालय की सीट पर बैठकर कार्यवाही में हिस्सा लेने का एक वीडियो शुक्रवार को प्रसारित हुआ। यह घटना 20 जून को उस समय घटी जब न्यायमूर्ति नीरज एस देसाई एक मामले की सुनवाई कर रहे थे। वीडियो में दिख रहा है कि पीले रंग की टी-शर्ट पहने एक व्यक्ति ने मोबाइल फोन से लॉग इन किया, स्क्रीन पर उसका नाम 'समद बैटरी' लिखा दिखाई दे रहा था। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि जब वह वीडियो लिंक से कार्यवाही में शामिल हो रहा था।

### सोशल मीडिया पर पोस्ट के लिए कंपनियां उत्तरदायी

**साओ पाउलो।** ब्राजील के उच्चतम न्यायालय ने सोशल मीडिया कंपनियों को उनके



उपयोगकर्ताओं द्वारा की गईं पोस्ट के लिए उत्तरदायी ठहराने के निर्णय से संबंधित विवरण पर सहमति जताई, साथ ही अगले कुछ सप्ताह में फैसले को लागू करने का रास्ता साफ हो गया। ब्राजील की शीर्ष अदालत में 8-3 के मत से पारित आदेश में गूगल, मेटा और टिकटॉक जैसी दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनियों को घृणास्पद भाषण, नस्लवाद और हिंसा को बढ़ावा देने वाली सामग्री पर सक्रिय रूप से निगरानी रखने और उसे हटाने के लिए कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रूसी समकक्ष बेलोसोव से की मुलाकात

# एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम और अन्य सैन्य उपकरणों की डिलीवरी पर की चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

*रक्षा मंत्रालय ने बताया कि दोनों नेताओं ने वर्तमान भू-राजनीतिक स्थितियों, सीमा पार आतंकवाद और दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग के साथ कई विषयों पर चर्चा की। रूसी रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलोसोव ने भारत-रूस के दीर्घकालिक संबंधों पर प्रकाश डाला*

चीन के किंगदाओ में हो रहे शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने रूसी समकक्ष आंद्रेई बेलोसोव से मुलाकात की।

इस दौरान दोनों नेताओं ने एस-400 सिस्टम की डिलीवरी, एसयू-30 एमकेआई के अपग्रेड और समय-सीमा में सैन्य हार्डवेयर की खरीद को लेकर बात की। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि दोनों नेताओं ने वर्तमान भू-राजनीतिक स्थितियों, सीमा पार आतंकवाद और दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग के साथ कई विषयों पर चर्चा की। रूसी रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलोसोव ने भारत-रूस के दीर्घकालिक संबंधों पर प्रकाश डाला।

उन्होंने पहलगाम हमले को भयावह और कायराना आतंकवादी कृत्य बताते हुए भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की। रूस ने भारत को आश्वासन दिया है कि वह एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम के बचे दो स्क्वाड्रनों को 2026-27 तक भारत को दे देगा। बता दें, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इसी एयर डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तान को जमकर धूल चटाई थी। एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम के चौथे और पांचवें स्क्वाड्रन की डिलीवरी में रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से देरी हुई है।

1 रूस ने पहलगाम हमले को कायराना आतंकी कृत्य बताया

2 आधुनिक रक्षा क्षमताओं के उन्नयन पर भी हुई बातचीत



### एस-400 की खासियत

एस-400 के हर एक स्क्वाड्रन में दो मिसाइल बैटरियां होती हैं, जिनमें 128 मिसाइलें शामिल होती हैं। ये मिसाइलें 120, 200, 250 और 380 किमी. तक मार करने में सक्षम हैं। इसके साथ ही इसमें लंबी दूरी का रडार सिस्टम और हर मौसम में चलने वाले ट्रांसपोर्ट व्हीकल भी होते हैं। भारतीय वायुसेना ने पहले तीन एस-400 स्क्वाड्रनों को चीन और पाकिस्तान को काउंटर करने के लिए उत्तर-पश्चिम और पूर्वी भारत में तैनात किया हुआ है।

### रक्षा उत्पादन बढ़ाने पर हुई चर्चा

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह दोनों देशों के नेताओं के बीच हाल ही में हुई सबसे महत्वपूर्ण बैठकों में से एक थी। इसमें रक्षा उत्पादन बढ़ाने को लेकर बात हुई। इसमें वायु रक्षा, हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों, आधुनिक क्षमताओं और हवाई प्लेटफार्मों के उन्नयन पर चर्चा हुई। बैठक में प्रमुख तौर पर एस-400 सिस्टम की आपूर्ति, एसयू-30 एमकेआई के विकास और समय सीमा में महत्वपूर्ण सैन्य हार्डवेयर की खरीद पर भी बात हुई।

### दोनों देश रक्षा सहयोग बढ़ाएंगे

*राजनाथ सिंह ने कहा कि उन्होंने और बेलोसोव ने दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग और रक्षा संबंधों को बढ़ाने पर चर्चा की। उन्होंने एक्स पर लिखा कि किंगदाओ में एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान रूस के रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलोसोव से मिलकर खुशी हुई। हमने भारत-रूस रक्षा संबंधों को बढ़ाने पर गहन विचार-विमर्श किया।*

### 2018 में हुई थी डील

बता दें, 2018 में भारत-रूस के बीच 40 हजार करोड़ रुपये की डील पर हस्ताक्षर हुए थे, जिसके तहत भारत को एस-400 के 5 स्क्वाड्रन 2023 के आखिरी तक मिलने थे लेकिन अब तक भारत को सिर्फ 3 स्क्वाड्रन ही मिल पाए हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार चौथा स्क्वाड्रन अगले साल तक और पांचवां स्क्वाड्रन 2027 में मिल जाएगा।

## भारत ने चीन को सुझाए चार विकल्प

# तनाव कम करने के साथ आपसी संबंध होंगे बेहतर

कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू करने पर जताई खुशी



शंघाई सहयोग संगठन सम्मेलन के दौरान भारत ने चीन को संबंधों को बेहतर करने का फार्मूला सुझाया। भारत ने सीमा पर तनाव को कम करने के लिए चीन से चार योजनाओं पर ध्यान देने के लिए कहा। साथ ही छह साल बाद कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू करने पर खुशी जताई। सम्मेलन के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने समकक्ष चीनी रक्षा मंत्री एडमिरल डोंग जून से मुलाकात की। इस दौरान चीन को चार फार्मूलों पर काम करने के लिए कहा गया। इसमें पहला 2024 की विघटन योजना का पालन करना, दूसरा तनाव कम करने के लिए प्रयास, तीसरा सीमाओं पर सीमांकन और परिसीमन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रयास और चौथा मतभेदों को दूर करने और संबंधों में सुधार के लिए नई प्रक्रियाएं तैयार करने के लिए मौजूदा विशेष प्रतिनिधि स्तर के तंत्र का उपयोग करना शामिल है।

**एससीओ की बैठक से इतर चीन के किंगदाओ में मिले**

### मधुबनी पेंटिंग भेंट की

### 6 साल बाद शुरू होगी कैलाश मानसरोवर यात्रा

रक्षा मंत्री ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताय कि, छह साल बाद कैलाश मानसरोवर की यात्रा फिर से शुरू होगी। इस को लेकर भारत और चीन के बीच सकारात्मक बातचीत हुई और समझौता हुआ है।

**पोस्ट कर दी जानकारी**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर की है। उन्होंने लिखा, "किंगदाओ में एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान चीनी रक्षा मंत्री एडमिरल डॉन जून के साथ बातचीत की। हमने द्विपक्षीय संबंधों से संबंधित मुद्दों पर रचनात्मक और दूरदर्शी विचारों का आदान-प्रदान किया।

### भारत हमारी विदेश नीति का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र: बेलारूस

बेलारूस के रक्षा मंत्री लेफ्टिनेंट जनरल विक्टर ख्रेनिन ने कहा कि भारत के साथ सहयोग बेलारूस की विदेश नीति के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक है और द्विपक्षीय संबंध पारस्परिक लाभ और सम्मान के सिद्धांतों पर विकसित हो रहे हैं। उन्होंने भारतीय समकक्ष राजनाथ सिंह के साथ अपनी बैठक के दौरान यह बातें कहीं।



## आईओएनएस कार्य समूह की हुई बैठक

# 13 सदस्य देशों ने क्षेत्रीय समुद्री सुरक्षा और सहयोग बढ़ाने पर जताई सहमति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना ने 24 से 25 जून तक नई दिल्ली में समुद्री सुरक्षा पर हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी (आईओएनएस) कार्य समूह की बैठक का आयोजन किया। दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय समुद्री सुरक्षा ढांचे को सशक्त बनाने के लक्ष्य के साथ व्यापक विचार-विमर्श किया। 13 आईओएनएस सदस्य देशों के प्रतिनिधि-ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, फ्रांस, भारत, केन्या, मोजाम्बिक, ओमान, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण




अफ्रीका, श्रीलंका, तंजानिया और थाईलैंड हिंद महासागर (आईओआर) में क्षेत्रीय समुद्री सहयोग को बढ़ावा देने के लिए दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई और समकालीन समुद्री सुरक्षा चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के उद्देश्य से बहुपक्षीय तंत्र की बढ़ती आवश्यकता पर बल दिया।

### उत्तराखंड : सोनप्रयाग के पास केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर आवाजाही प्रतिबंधित

**रुद्रप्रयाग/ शिमला।** उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में लगातार हो रही बारिश के कारण जिला प्रशासन ने सोनप्रयाग-मुनकटिया मार्ग पर आवाजाही प्रतिबंधित कर दी है। केदारनाथ जाने वाले तीर्थयात्रियों के लिए आधार बिंदु के रूप में कार्य करने वाली सड़क सोनप्रयाग शटल पुल के पास और मुनकटिया के पास स्लाइडिंग जोन क्षेत्र में लगातार मलबा और पत्थर गिरने के कारण यात्रियों की आवाजाही के लिए पूरी तरह से बाधित हो गई। सड़क को खोलने और बंद करने की प्रक्रिया को नियंत्रित किया जा रहा है तथा प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस द्वारा अतिरिक्त सतर्कता के साथ यात्रियों की आवाजाही सुनिश्चित की जा रही है। पुलिस ने केदारनाथ धाम आने वाले तीर्थयात्रियों से अपील की है कि वे केदारनाथ धाम यात्रा पर अतिरिक्त सावधानी के साथ आएं तथा मौसम पूर्वानुमान पर नजर रखें।

# अहमदाबाद प्लेन क्रैशः जांच में संयुक्त राष्ट्र शामिल होगा

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

अहमदाबाद में 12 जून को क्रैश हुए एअर इंडिया के ड्रीमलाइनर प्लेन हादसे की जांच में संयुक्त राष्ट्र शामिल होगा। संयुक्त राष्ट्र की विमानन संस्था आईसीएओ (इंटरनेशनल सिविल एविएशन ऑर्गनाइजेशन) के एक विशेषज्ञ को ऑब्जर्वर के तौर पर शामिल होने की इजाजत भारत सरकार ने दे दी है। यह जानकारी न्यूज एजेंसी ने एक वरिष्ठ सरकारी सूत्र के हवाले से दी है।

सूत्र ने बताया कि आईसीएओ ने जांच में शामिल होने की इजाजत मांगी थी। भारत ने पारदर्शिता के साथ जांच करने के इरादे से संयुक्त राष्ट्र को इसमें शामिल करने का फैसला लिया है। एअर इंडिया की अहमदाबाद से लंदन जा रही फ्लाइट AI 171 टेकऑफ के कुछ ही देर बाद एक मेडिकल हॉस्टल की इमारत से टकरा गई थी। इसमें 270 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें 241 यात्री और क्रू मेंबर शामिल थे। एक यात्री इस हादसे में जिंदा बचा है। हादसे की जांच 13 जून से ही एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो की टीम कर रही है। इसमें विमानन चिकित्सा विशेषज्ञ, एयर ट्रैफिक कंट्रोल अफसर और अमेरिका की नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड के प्रतिनिधि भी शामिल हैं। अमेरिका के प्रतिनिधि फ्लाइट के ब्लैक बॉक्स का डेटा रिकवर कर रहे हैं। ब्लैक बॉक्स प्लेन में लगा एक छोटा उपकरण होता है। यह फ्लाइट के दौरान एयरक्राफ्ट की तकनीकी और वॉइस संबंधी जानकारियां रिकॉर्ड करता है। ब्लैक बॉक्स दो मुख्य रिकॉर्डर से मिलकर बना होता है।

- ब्लैक बॉक्स का डेटा अमेरिका रिकवर कर रहा

## आतंकियों के तीन मददगार गिरफ्तार

# आतंकी संगठनों से वीओआईपी और वीपीएन से करते थे संपर्क

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में शामिल पाक समर्थित आतंकियों के तीन मददगारों को सोपोर पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। प्रतिबंधित इलेक्ट्रानिक नेटवर्क का प्रयोग कर बराबर आतंकियों के संपर्क में थे। स्थानीय युवाओं को राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों में शामिल करने में भी सक्रिय थे। तीनों को कोट भलवाल जेल में रखा गया है। सोपोर पुलिस के मुताबिक केंद्र शासित प्रदेश की सुरक्षा और संप्रभुता के लिए हानिकारक गतिविधियों में लगातार सक्रियता के



लिए सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत आरोपियों पर मामला दर्ज किया गया है। तीनों की पहचान इरफान मोहिउद्दीन डार पुत्र मोहिउद्दीन डार निवासी संग्रामपोरा सोपोर, मोहम्मद आसिफ खान पुत्र अबू रहमान खान निवासी हरवान बोमई और गौहर मकबूल राथर पुत्र मोहम्मद मकबूल राथर निवासी हरदुशिवा के रूप में हुई।

## 1960 में हुए समझौते के तहत गठित किए गए मध्यस्थता न्यायालय को बताया अवैध

# सिंधु जल समझौते पर पाकिस्तान की नापाक मंशा पर भारत ने फेरा पानी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के आतंकी इरादों को लेकर उसे सबक सिखाने के लिए भारत ने लगभग हर मोर्चे पर जोरदार ढंग से स्ट्राइक की है। इसी क्रम में शुक्रवार को पड़ोसी देश की सिंधु जल समझौते पर बनी हुई नापाक मंशा पर पूरी तरह से पानी फेरते हुए भारत ने वर्ष 1960 में हुए इस समझौते के तहत गठित किए गए मध्यस्थता न्यायालय को पूरी तरह से अवैध करार दिया है। यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने अपने एक बयान के जरिए दी। जिसमें बताया कि भारत ने न केवल उक्त गठित किए गए मध्यस्थता न्यायालय को अवैध बताया है। बल्कि उसके द्वारा जम्मू-कश्मीर के किशनगंगा और रातले पनबिजली परियोजनाओं की क्षमता को लेकर जारी किए गए एक तथाकथित पूरक आदेश को भी सिरे से खारिज कर दिया गया है।

- विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर दी जानकारी

### कभी अस्तित्व में ही नहीं था कोई न्यायालय




मंत्रालय के मुताबिक, तथाकथित मध्यस्थता न्यायालय द्वारा 27 जून को भारत के केंद्रशासित प्रदेश के संबंध में एक आदेश पारित किया गया था। जिसे हमने अस्वीकार करते हुए खारिज कर दिया है। भारत ने कभी भी इस तथाकथित न्यायालय के अस्तित्व को मान्यता प्रदान नहीं की है। जिसके चलते हमारा मानना है कि इस मध्यस्थता न्यायालय का गठन सिंधु जल समझौते का उल्लंघन है और इसके सामने की गई कोई भी कार्रवाई या न्यायालय द्वारा लिया गया कोई भी निर्णय या आदेश वैध नहीं है।

### पाकिस्तानी धूर्तता का एक नया नमूना

*भारत का मानना है कि पाकिस्तान के इशारे पर रचा गया यह पूरा नाटक, आतंकवाद के अंतरराष्ट्रीय केंद्र के रूप में अपनी जवाबदेही से बचने का हताशाभरा एक प्रयास मात्र है। जिसमें वह इस तथाकथित मध्यस्थता न्यायालय के तंत्र का सहारा लेकर वैश्विक मंचों पर दशकों से चली आ रही अपनी धोखाधड़ी और हेराफेरी की पुरानी आदतों को ही साफ तौर पर दर्शाता हुआ नजर आ रहा है।*

### इस वक्त तक स्थगित रहेगा समझौता

*मंत्रालय ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने वैश्विक कानून के तहत बतौर एक संप्रभु राष्ट्र के रूप में अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए सिंधु जल समझौते पर अमल को तब तक स्थगित कर दिया है। जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद को विश्वसनीय रूप से अपना समर्थन देना बंद नहीं करता है। भारत अब इस समझौते के तहत अपनी किसी भी जिम्मेदारी का पालन करने के लिए बाध्य नहीं है। उक्त न्यायालय के अलावा मध्यस्थता के किसी भी अन्य न्यायालय के पास भारत के संप्रभु अधिकारों की जांच करने का कोई अधिकार नहीं है।*

## ईरान पर मेहरबान हुए राष्ट्रपति ट्रंप

# सिविल न्यूक्लियर प्रोग्राम के लिए 2.57 लाख करोड़ देने को तैयार

नई दिल्ली। अमेरिका की ट्रंप प्रशासन ने ईरान के साथ नया समझौता करने की योजना बनाई है, जिसमें ईरान को गैर-संवर्धन (नॉन-एनरिचमेंट) परमाणु कार्यक्रम के लिए 30 बिलियन डॉलर (करीब 2.57 लाख करोड़) की सहायता देने की पेशकश की है। उसे परमाणु समझौते की मेज पर वापस लाया जा सके। यह कार्यक्रम केवल नागरिक ऊर्जा उत्पादन के लिए होगा, जैसे बिजली संयंत्रों के लिए। यह राशि अमेरिका द्वारा नहीं, बल्कि इसके अरब सहयोगियों द्वारा दी जाएगी। ईरान पर कुछ प्रतिबंधों को हटाने व विदेशी बैंकों में जमा 6 अरब डॉलर की राशि मुक्त करने की बात शामिल है।

### उम्मीद है कि ईरान अंतरराष्ट्रीय निरीक्षण से इनकार नहीं करेगा:ट्रंप

बई (एपी)। यूएस राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि ईरान परमाणु कार्यक्रम को फिर से शुरू न करने की पुष्टि के लिए अंतरराष्ट्रीय निरीक्षण से इनकार नहीं करेगा। व्हाइट हाउस में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान जब उनसे पूछा गया कि क्या वह ईरान के साथ होने वाली वार्ता के दौरान यह मांग करेंगे कि अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा संगठन को निरीक्षण करने के लिए अधिकृत किया जाए।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25